मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 292
गुरुवार, 15 मई 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## जेवर एयरपोर्ट के पास बनेगी सेमीकंडक्टर यूनिट, 3,706 करोड़ रुपये का होगा निवेश, कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली, 14 मई।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश में एचसीएल-फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम सेमीकंडक्टर संयंत्र की स्थापना को मंजूरी दी। इसपर 3,706 करोड़ रुपये का निवेश होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बात की जानकारी दी। वैष्णव ने कहा कि एचसीएल-फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर संयंत्र में मोबाइल फोन, लैपटॉप, वाहन, अन्य उपकरणों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप का विनिर्माण होगा। एचसीएल-फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर संयंत्र में प्रति माह 20,000 वेफर्स का विनिर्माण होगा।



वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के जेवर में भारत की छठी सेमीकंडक्टर इकाई को मंजूरी दे दी है। भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत अब तक 5 सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी जा चुकी है और वहां तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। एक इकाई में इसी साल उत्पादन शुरू हो जाएगा। इसी कड़ी में एक और अति-उन्नत इकाई है। यह एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की पहचान, हमारे सशस्त्र बलों की भूमिका और जो निर्णायक नेतृत्व रहा है और जो नया सिद्धांत बना है, उसका एक बहुत ही महत्वपूर्ण उदाहरण है। यह वास्तव में देश के लिए एक प्रशंसनीय बात है।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी शुरू से ही हमें इको-सिस्टम पर ध्यान देने के लिए कहते रहे हैं। गैस, रसायन के निमार्ता भारत में अपने प्लांट लगा रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर में भी विज्ञान और तकनीक का इस्तेमाल किया गया। तकनीक भारत को बहुत बड़ी ताकत देती है और भविष्य के लिए मजबूत नींव रखती है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये के ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं।

## जिस पहाड़ पर लाल आतंक का राज था, वहां शान से तिरंगा लहरा रहा : अमित शाह

**नई दिल्ली, 14 मई।** इस सप्ताह छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर करेर्गुट्टा पहाड़ी पर 31 माओवादियों को मार गिराया गया जो भारत के सबसे बड़े माओवादी विरोधी अभियान का परिणाम है। सूत्रों ने बताया कि इस अभियान में 450 आईईडी और 40 हथियार भी बरामद किए गए। अभियान को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। सूत्रों ने बताया कि भारी मात्रा में गोला-बारूद, डेटोनेटर और विस्फोटक उपकरणों के अलावा 12,000 किलोग्राम अन्य सामग्री जैसे कि दवा और बिजली के उपकरण भी जब्त किए गए।

बुधवार को एक एक्स पोस्ट में, शाह ने कहा, एक समय लाल आतंक से शासित पहाड़ी, अब गर्व से तिरंगा लहराती हैः, और



मार्च 2026 तक माओवाद को खत्म करने के सरकार के संकल्प को रेखांकित किया।

शाह ने कहा कि नक्सल मुक्त भारत के संकल्प में एक ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करते हुए सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के विरुद्ध अब तक के सबसे बड़े ऑपरेशन में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के कुर्रगुट्टालू पहाड़ पर 31 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया। जिस पहाड़ पर कभी लाल आतंक का राज था, वहाँ आज शान से तिरंगा लहरा रहा है।

अमित शाह ने कहा कि नक्सल विरोधी इस सबसे बड़े अभियान को हमारे सुरक्षा बलों ने मात्र 21 दिनों में पूरा किया और मुझे अत्यंत हर्ष है कि इस ऑपरेशन में सुरक्षा बलों में एक भी हानि नहीं हुई।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले तीनों सेना प्रमुख, सीडीएस भी रहे मौजूद

**नई दिल्ली, 14 मई।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी, जिसे भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में अंजाम दिया था। राष्ट्रपति ने दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में सेना के शीर्ष अधिकारियों के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीर साझा की। राष्ट्रपति भवन ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन



सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

इसके आगे लिखा गया कि राष्ट्रपति ने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की, जिसने आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया को एक शानदार सफलता बना दिया। भारत ने पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी शिविरों पर 'केंद्रित, मापा हुआ और गैर-बढ़ावा देने वाला' हमला किया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तान के सियालकोट, मुरीदके और बहावलपुर में आतंकी शिविरों को निशाना बनाया गया, जबकि मुज़फ़्फ़राबाद, कोटली और भीमबर में छिपे ठिकानों पर भी हमला किया गया। यह ऑपरेशन भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया था।

इस हमले का कोड नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' था। ऑपरेशन सिंदूर के बाद, पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की और भारतीय सैन्य और नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया।

## राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में मीडिया को संयमित और राष्ट्रहितकारी दृष्टिकोण अपनाना चाहिएः हितेश शंकर

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर विश्व संवाद केंद्र काशी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ, बीएचयू के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को सामाजिक विज्ञान संकाय स्थित समता भवन में राष्ट्रीय सुरक्षा में मीडिया की भूमिका विषयक संगोष्ठी एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि हितेश शंकर (प्रधान संपादक, पांचजन्य), विशिष्ट अतिथि सुभाष जी (क्षेत्र प्रचार प्रमुख, आर.एस.एस.) व डॉ. हेमंत गुप्ता (कार्यवाहक अध्यक्ष, विश्व संवाद केंद्र काशी) द्वारा पत्रकारिता में विशिष्ट योगदान हेतु सात पत्रकारों को सम्मानित किया गया, जिनमें डॉ. अत्रि भारद्वाज (अध्यक्ष, काशी पत्रकार संघ), सुरेश गांधी (स्वतंत्र पत्रकार), देवेश सिंह (राष्ट्रीय सहारा), डॉ. अमलेन्दु त्रिपाठी (दैनिक जागरण, प्रयागराज), रोहित सोनकर (फोटो पत्रकार, अमर उजाला), कविता उपाध्याय (लाइव

### नारद जी का शील ही उनका संदेश है : सुभाष जी



वीएनएस) और गोपाल मिश्र (ईटीवी भारत) शामिल है।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, देवर्षि नारद, पं. मदन मोहन मालवीय एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। छात्राओं ने विश्वविद्यालय का कुलगीत प्रस्तुत किया। इसके बाद पत्रकारों, संघ सदस्यों एवं समाजसेवियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि हितेश शंकर ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय सेना की स्पष्टता, सटीकता और सजगता प्रेरणादायी है। उन्होंने मीडिया को चेताया कि किसी अपराधी के प्रति अनावश्यक सहानुभूति उत्पन्न करने वाली रिपोर्टिंग से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि युद्ध जैसी संवेदनशील परिस्थितियों में मीडिया की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में मीडिया को अति-संवेदनशील, संयमित और राष्ट्रहितकारी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। गलत या अधूरी सूचनाएं दुश्मन के दुष्प्रचार को बल दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि भारत के साइबर योद्धाओं ने युद्धकाल में जिस सूझबूझ से काम किया, वह सराहनीय है। मीडिया को तथ्यों की पुष्टि कर ही धारणा बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नारद मुनि जब पत्रकार थे तो प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नहीं बल्कि मौखिक मीडिया था। और मौखिक पब्लिसिटी की अपनी महत्ता है। उन्होंने कहा कि इस समय देश में हो रही खोजों पर पत्रकारिता कम हो गई है। वर्तमान में केंद्र सरकार शोधों को बढ़ावा दे रही है और आर्थिक प्रोत्साहन भी दे रही है। विशिष्ट अतिथि सुभाष जी (क्षेत्र प्रचार प्रमुख, आर.एस.एस.) ने शील ही संदेश है के भाव को केंद्र में रखते हुए कहा, देवर्षि नारद जी का जीवन इस बात का प्रमाण है कि पत्रकारिता केवल सूचनाओं का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि चरित्र और विश्वास का दायित्व है। उनकी वाणी और व्यवहार स्वयं समाज के लिए प्रमाण थे। उन्होंने रामचरितमानस की चौपाई नारद वचन मृषा नहीं होई का उदाहरण देते हुए कहा कि नारद जी के वचन सदैव सत्य, सार्थक और लोकमंगलकारी होते थे। उन्होंने कहा कि भारतीय पत्रकारिता का मूल स्वभाव राष्ट्ररक्षा और समाज कल्याण रहा है। डॉ ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि नारद भक्ति, ज्ञान, गीत, कविता, संवाद, के साथ साथ लोकमंगल के पर्याय हैं। वे विश्व के प्रथम पत्रकार हैं। नारद के चरित्र में लोकमंगल प्रेम, न्याय और सद्भाव के रूप में दिखाई देता है। तीनों लोकों में लोग उनकी प्रतीक्षा करते थे। ऐसी ही पत्रकारिता लोकमंगल के लिए आज हमें चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं चेतना प्रवाह के प्रबंध संपादक एवं प्रांत जागरण पत्रिका, प्रमुख नागेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि आज के समय में लोक मंगल का अर्थ भारत का चहुंमुखी विकास है।

## वर्षों की शांति के बाद सीमावर्ती इलाकों में फिर चर्चा में आया बंकर : उमर अब्दुल्ला

**कश्मीर, 14 मई।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तान की ओर से सीमा पार से की गई भीषण गोलाबारी के बाद बंकर एक बार फिर जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों में चर्चा का मुख्य विषय बन गए हैं। इस गोलाबारी में जान-माल का नुकसान हुआ है और बुनियादी ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचा है। बारामुल्ला जिले के उरी के दौरे के दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान की गोलाबारी से प्रभावित इलाकों की स्थिति की समीक्षा की और स्थानीय लोगों के लिए ऐसे सुरक्षात्मक ढांचों की जरूरत पर ध्यान दिया, जिनकी जरूरत पिछले कुछ सालों में कम होती जा रही थी, लेकिन हाल ही में हिंसा बढ़ने के बाद यह जरूरत कम होती जा रही थी। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने निवासियों की मांगों के अनुरूप उन्हें व्यक्तिगत बंकर उपलब्ध कराने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर बल दिया। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा, बंकर अब फिर से चर्चा का विषय बन गए हैं। कई वर्षों तक हमें बंकरों की जरूरत नहीं थी। अब लोगों ने सामुदायिक बंकरों की नहीं, बल्कि व्यक्तिगत बंकरों की मांग की है। हम गोलाबारी से प्रभावित सभी क्षेत्रों में बंकरों की व्यवस्था करेंगे। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने कहा कि गोलाबारी के बाद उरी, तंगधार, राजौरी और पुंछ में भी यही स्थिति है और कहा कि स्थानों के आकलन के बाद लोगों को मुआवजा दिया जाएगा।

सीएम अब्दुल्ला ने कहा, उरी, तंगधार, राजौरी और पुंछ में भी यही स्थिति है। हमारे नागरिक इलाकों पर दो से तीन दिनों तक हमला किया गया... ऐसा लग रहा था कि अधिक से अधिक नागरिकों को शामिल करने की कोशिश की जा रही थी। अभी संघर्ष विराम लागू है और सीमावर्ती इलाकों में शांति है।

एपी मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करेः 9199355950

### जेएनयू ने तुर्की के इनोनू विश्वविद्यालय के साथ समझौते को अगले आदेश तक किया स्थगित

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने घोषणा की है कि उसने तुर्की के इनोनू विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन को रद्द कर दिया है। एक्स पर एक पोस्ट में, जेएनयू ने कहा कि यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से लिया गया है। विश्वविद्यालय के एक्स पोस्ट में आगे कहा कि जेएनयू राष्ट्र के साथ खड़ा है। राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से, जेएनयू और इनोनू विश्वविद्यालय, तुर्की के बीच समझौता ज्ञापन को अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है। भारत के तुर्किये और अजरबैजान के साथ व्यापारिक संबंधों में तनाव आने की आशंका है।









# मोदी-उद्बोधन जागृत राष्ट्र के हौसलों की उड़ान



-ललित गर्ग

ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान के जवाबी हमले तथा युद्ध विराम के बाद राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़े एवं स्पष्ट शब्दों में न केवल पाकिस्तान को चेताया बल्कि उसको उसकी जमीन भी दिखायी। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रखर एवं प्रभावी नीति को पूरी दुनिया के सामने बड़ी स्पष्टता और दृढ़ता के साथ रखा। उनका संबोधन न केवल भारत की भावना की अभिव्यक्ति है, बल्कि यह हमारे देश के सैन्य, कूटनीतिक, नैतिक बल की प्रस्तुति एवं दो सौ अस्सी करोड़ तनी हुई मुट्ठियों की चेतावनी भी है। यह कोरा उद्बोधन नहीं, बल्कि एक जागृत राष्ट्र के साहस एवं हौसलों की उड़ान है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में नई लकीर खींची और नये पैमाने तय किये। पाकिस्तान की समझौते की गुहार को भी सुना, एक बड़े मकसद और व्यापक हित में भारत ने शांति की राह चुनी। पहले से ही युद्धों में उलझे विश्व के लिए भारत का यह कदम आशा एवं उम्मीद की बहुत बड़ी किरण है। लेकिन पाकिस्तान पर एक्शन सिर्फ स्थगित हुआ है, समाप्त नहीं। 22 मिनट का यह संबोधन पाकिस्तान के लिये एक सीख भी है और सबक भी। साथ ही यह एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की सार्थक प्रस्तुति है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी साफ कर दिया है कि भविष्य में अगर पाकिस्तान से कभी बात होगी तो केवल आतंकवाद और पीओके पर ही बात होगी। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि टेरर और टॉक, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं हो सकते। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं के शौर्य और पराक्रम की भी उन्होंने खुल कर सराहना की एवं वीरगाथा सुनाई है। भारतीय सेनाओं पर जहां पूरे देश को नाज है, वहीं प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व पर समूचे देश को भरोसा है और आज हमारा देश समृद्धशाली और शक्तिशाली होने के साथ ही विकसित भारत के रूप में तेजी से उभर रहा है। प्रत्येक भारतीय की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आतंकवाद के समूल नाश के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। सिंदूर पोंछने का अंजाम अब हर आतंकी को पता चल गया है। मोदी ने साफ किया कि अब वो दौर चला गया जब भारत परमाणु हमले के नाम पर ब्लैकमेल होता था। अब अगर फिर से हमला हुआ तो पाकिस्तान व आतंकवादियों को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। आतंक की जड़ों पर फिर से प्रहार किया जाएगा और इस बार का प्रहार विनाशकारी एवं विध्वंसक होगा।

पाकिस्तान द्वारा पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद उसी के सर्वनाश का कारण बनेगा। पाक को बचना है तो उसे आतंकी ढांचे नष्ट करने होंगे। उन्होंने कहा कि हमारी मिसाइले एवं ड्रोन ने पाक में न सिर्फ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया बल्कि इसके साथ सौ से अधिक खुंखार आतंकियों को भी मार गिराया। पाक में आतंकवादियों के लिये जो जगह एवं संवेदनाएं हैं, उसको दुनिया ने भी देखा। भारत की सर्जिकल स्ट्राइक में मरे दुर्दांत आतंकवादियों को अंतिम विदाई देने को पाक सेना के बड़े अधिकारी उतावले थे। पिछले तीस में पाकिस्तान ने आतंकवाद की फसल को सींचने के लिये जो संरचना अपने देश में तैयार की है, उससे निकले आतंकवादियों ने भारत को ही बार-बार लहूलुहान नहीं किया बल्कि ब्रिटेन तथा अमेरिका के 9/11 जैसे हमलों को दुनिया के दूसरे हिस्सों में अंजाम दिया है। मोदी ने स्पष्ट किया कि पहलगाम आतंकी हमले में धर्म पूछकर निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादी भारतीय समाज के साम्प्रदायिक सौहार्द एवं समरसता को नुकसान पहुंचाने में पूरी तरह विफल रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने साहस एवं निर्भीकता से पाक की आतंकी मानसिकता को दुनिया के सामने उजागर किया। आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। बुद्ध पूर्णिमा के दिन देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने साफ किया है कि यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन आतंकवाद का भी नहीं है। भारत सदियों से बुद्ध की संस्कृति व विचारों का पक्षधर रहा है। लेकिन शांति का रास्ता शक्ति के रास्ते से ही होकर जाता है और भारत ने अपनी शक्ति को दिखाते हुए न केवल पाकिस्तान को पस्त किया बल्कि दुनिया को चौंकाया भी है। बिना लाग-लपेट के प्रधानमंत्री ने साफ किया कि भारतीय शांति की नीति को कमजोरी न माना जाए, वक्त आने पर हम शक्ति दिखाने से भी नहीं चूकेंगे। अंधेरों को चीर कर उजाला की ओर बढ़ते भारत की महान यात्रा के लिये सबके जागने, संकल्पित होने एवं आजादी के अमृतकाल काल को अमृतमय बनाने के लिये दृढ़ मनोबली एवं सकारात्मक होना का आह्वान है। मोदी ने भारतीय वैज्ञानिकों की मेधा को सराहते हुए कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक ने बता दिया है कि भारत आधुनिक तकनीक से युद्ध के लक्ष्यों को हासिल करने में सक्षम है। भारत ने स्वदेशी प्रयासों व आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ देश को सुरक्षा कवच देने में कामयाबी हासिल की है। ये तकनीकें इक्कीसवीं सदी की सामरिक चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम हैं। पाक द्वारा विश्व शक्तियों से हासिल मिसाइलों व ड्रोन को भारतीय वायु प्रतिरक्षा तंत्र ने जिस तरह नाकाम किया, उससे भारत के रक्षा उत्पादों की विश्वसनीयता पर मोहर लगाई है। हम न्यू इरा के वारफेयर मानकों की कसौटी पर खरे उतरे हैं। जो मेड इन इंडिया हथियारों की विश्वसनीयता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करेगा। हमें आने वाले कल के लिए संघर्ष करना है। हमें विश्व की ओर ताकने की आदत छोड़नी होगी, राजनीतिक संकीर्णता से भी ऊपर उठना होगा, जिन्हें भारत पर विश्वास है, अपनी संस्कृति, अपनी बुद्धि और विवेक पर अभिमान है, उन्हें कहीं अंतर में अपनी शक्ति का भान है, वे जानते हैं कि भारत आज पीछे पीछे चलने की मानसिकता से मुक्ति की ओर कदम बढ़ा चुका है और ये स्थितियां हमने पाक के खिलाफ एक्शन में देख ली है।

मोदी ने भारतीय समाज में एकजुटता को अपरिहार्य बताया और कहा कि जब हमारी संप्रभुता और नागरिकों के जीवन पर संकट आएगा तो मुंहतोड़ जवाब जरूर दिया जाएगा। उन्होंने देश के लोगों को भरोसा दिलाया कि भारतीय सेना और सुरक्षा बल किसी भी चुनौती के मुकाबले के लिये तैयार हैं। तब तक तैयार रहेंगे जब तक आतंक के अड्डे खंडहरों में तब्दील नहीं हो जाते। सीमाओं पर शांति इस बात पर निर्भर करेगी कि पाक आतंकवाद को लेकर क्या रवैया अपनाता है। उन्होंने देश की माता-बहनों और बेटियों को आश्वस्त किया कि सरकार का ऑपरेशन सिंदूर उनकी अस्मिता व सुरक्षा के लिये समर्पित था। उस पर किसी कीमत पर आंच नहीं आने दी जाएगी। यह उद्बोधन भारत की भावी सुरक्षित एवं सशक्त दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व की महाताकत बनाने का आह्वान है। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है।

मोदी ने अपने इस संबोधन से अनेक निशाने साधे हैं। उनके अनुसार 2047 तक विकसित मुल्क बनाने के लिए पूरी जी-जान लगाकर दौड़ना होगा। पाक एवं क्षेत्रीय अस्थिरता इसमें बड़ी बाधा है, और भारत ने फिलहाल इसका इलाज कर दिया है। पाकिस्तान तक सख्त संदेश पहुंच चुका है। इस टकराव के आगे न बढ़ने और भारत के फिर से अपने लक्ष्य की ओर चलने से विश्व राजनीति एवं आर्थिक विकास में नई आशा का संचार हुआ है। मोदी के पाक के खिलाफ एक्शन को स्थगित करने की खुशखबरी के साथ दुनिया में दो बड़ी सकारात्मक खबरें भी आशा की किरण बनी। एक आशा की किरण है अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ वॉर का टल जाना, दूसरी किरण तीन साल से ज्यादा समय से युद्ध में उलझे रूस और यूक्रेन में सुलह के लिये दोनों देशों के बीच पहली बार सीधी बातचीत होना। यूक्रेन युद्ध, टैरिफ वॉर और भारत-पाक तनाव ने दुनिया को गंभीर संकट में डाल दिया था। तीनों मोर्चों पर आई सकारात्मक खबरों का असर भारत सहित दुनिया के शेयर बाजारों में भी आया उछाल है। इनके चलते भारत में नीतिगत स्थिरता, बेहतर समन्वय और ईज आफ डूइंग बिजनेस की स्थिति भी पुनः रफ्तार पकड़ेगी। ताजा घटनाक्रम से भारत एक आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर एवं सशक्त राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है।

# प्रधानमंत्री मोदी का पाकिस्तान को कड़ा संदेश



अशोक भाटिया

पहलगाम हमले की भारतीय प्रतिक्रिया, जाहिर है, बहुत सफल रही है। हमारी सेना ने सिर्फ आतंकी ठिकानों पर ही सटीक हमला नहीं किया, बल्कि पाक सेना के उकसावे पर उसके सैन्य ठिकानों पर भी जबर्दस्त हमला बोला। जवाबी कार्रवाई में चीन और तुर्किये की मिसाइलें और युद्धक विमान धरे के धरे रह गये। यह भी साफ है कि भारत के हमलों से घबराकर पाकिस्तान को अमेरिका की शरण में जाना पड़ा और संघर्षविराम पर सहमति बनी। हालांकि उसके बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया और जब-तब पाक सैनिकों की तरफ से संघर्षविराम के उल्लंघन के ब्योरे आ रहे हैं।इस पृष्ठभूमि में हमारे प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम संबोधन में पाकिस्तान को बहुत ठोस संदेश दिया है। उन्होंने बहुत अर्थपूर्ण ढंग से कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अब आतंकवाद के खिलाफ भारत की नयी नीति है। इसका मतलब यह है कि भविष्य में अगर पाकिस्तान की तरफ से आतंकी हमले की हिमाकत होती है, तो इसी तरह से करारा जवाब दिया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान का न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत जरा भी सहने वाला नहीं है।

वैसे भी पाकिस्तान पर कैसे भरोसा किया जाए, जिसने आतंकवादी गतिविधियों के माध्यम से भारत में रक्तपात किया है। देश के विभाजन के बाद से पाकिस्तान में कभी शांति नहीं रही है। पाकिस्तान से प्रेरित आतंकवाद पिछले छह दशकों से देश में कहर बरपा रहा है। भारत और पाकिस्तान दोनों द्वारा युद्धविराम अपनाने के बाद, दोनों देशों की सीमा पर गोलीबारी और बमबारी की आवाजें शांत हो गईं। एक-दूसरे पर ड्रोन हमले बंद हो गए। पहलगाम नरसंहार के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को झकझोर कर रख दिया था। जहां भारतीय सेना पाकिस्तान को स्थायी सबक सिखाने में सक्रिय थी, वहीं अचानक युद्धविराम की घोषणा ने लाखों भारतीयों को चौंका दिया। हम पाकिस्तान पर कैसे भरोसा कर सकते हैं, जो हिंसा, आतंकवाद और मानव रक्त से ग्रस्त है? यही वह सवाल है जिसने चर्चा पैदा कर दी है।

देश के विभाजन के बाद से भारत ने कई बार पाकिस्तान के साथ समझौता और संघर्ष विराम की कोशिश की है, संघर्ष विराम प्रस्ताव को मंजूरी दी है, लेकिन घुसपैठ और पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद कभी नहीं रुका है। भारत ने आज तक पाकिस्तान को कई बार माफ किया है। यह आश्चर्य की बात है कि पहलगाम नरसंहार में 26 भारतीय महिलाओं के विधवा होने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक ट्वीट पर ऑपरेशन सिंदूर रुक गया।भारत-पाक युद्धविराम के बाद कई सवाल अनुत्तरित हैंः जब भारतीय सेना पाकिस्तानी आतंकवाद का मुकाबला कर रही थी और ड्रोन और मिसाइलों के साथ दुश्मन राष्ट्र पर असाधारण गति से उड़ रही थी, तब अचानक लाल झंडा क्यों उठाया गया? ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद पाकिस्तान में हर दिन बड़ी गिरावट देखी जा रही थी। भारत की सैन्य-सशस्त्र ताकत और मजबूत अर्थव्यवस्था का सामना पाकिस्तान कितना कर पाएगा? ऑपरेशन सिंदूर ने चार दिनों में पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया। कई पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र पर भारी हमला किया गया। पाकिस्तान की रडार प्रणाली कई स्थानों पर नष्ट हो गई। रक्षा प्रणालियों को कई स्थानों पर नष्ट कर दिया गया। भारत ने नौ आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया जिसमें 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। भारत ने शुरू में आतंकवाद के विरोध में कूटनीतिक रूप से विरोध किया, फिर व्यापार और निर्यात बंद कर दिया और पाकिस्तान पर आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए। बंद। पाकिस्तानी राष्ट्रिकों को देश से वापस भेज दिया गया था।सेना तैनात की, फिर सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले किए। फिर जमीन के साथ-साथ नौसेना और वायु सेना से भी हमले हुए। ब्रह्मोस के भीषण हमले के बाद, पाकिस्तान का खतरा हिल गया था। ब्रह्मोस मिसाइल की रेंज 290 किमी है और यह 2500 किमी की गति से हमला कर सकती है। पाकिस्तान ने जम्मू और कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात में भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर मिसाइलों से हमला किया गया लेकिन भारत ने प्रत्येक मिसाइल को रोक दिया और बेअसर कर दिया। दोनों देशों के पास परमाणु क्षमताएं हैं। अगर परमाणु हमला होता तो बड़ा नरसंहार होता, इसलिए पाकिस्तान ने तत्काल युद्धविराम के लिए मदद के लिए अमेरिका से संपर्क किया। ऑपरेशन सिंदूर ने स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत न केवल अपने आसमान की रक्षा करने में सक्षम है , बल्कि वह इसे नियंत्रित करता है।

अमेरिका ने जल्दबाजी में भारत-पाकिस्तान युद्धविराम का श्रेय लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्वीट किया और वाशिंगटन डीसी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर दुनिया को बताया कि हमने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोक दिया। अगर दोनों देशों के बीच परमाणु युद्ध हुआ होता, तो लाखों लोगों का नरसंहार होता। अगर युद्ध नहीं रोका गया होता, तो हम व्यापार नहीं करते। डोनाल्ड ट्रम्प ने भी कहा है कि उन्होंने दोनों देशों को ऐसी चेतावनी दी है। उन्होंने सुझाव दिया है कि अमेरिका अब से भारत और पाकिस्तान पर कड़ी नजर रखेगा। दुनिया में यही संदेश गया है कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान दोनों के गले से अपना एजेंडा उतार दिया है। प्रधान मंत्री मोदी ने 12 मई को देश के नाम अपने संबोधन में 'हम' या डोनाल्ड ट्रम्प शब्द नहीं बोले। उसने गलती से ऐसा नहीं कहा। वास्तव में, उन्होंने अपने भाषण में संयुक्त राज्य अमेरिका का उल्लेख भी नहीं किया।

ट्रम्प और मोदी ने संघर्ष विराम पर हस्ताक्षर किए जाने के कारणों को समझाने में मतभेद किया। पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक ने भारतीय सेना से संपर्क किया। उन्होंने भारत से युद्ध विराम पर हस्ताक्षर करने का अनुरोध किया। भारत ने युद्धविराम स्वीकार कर लिया क्योंकि उन्होंने आश्वासन दिया कि पाकिस्तान अब आतंकवादी गतिविधियों या सैन्य गतिविधियों को अंजाम नहीं देगा। पाकिस्तानी सेना के अधिकारी द्वारा किए गए आह्वान पर भरोसा करके युद्ध विराम कैसे स्वीकार किया जा सकता है? इतना बड़ा फैसला लेने के लिए दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों, रक्षा मंत्रियों के साथ-साथ सेना प्रमुखों के बीच एक एजेंडे को ध्यान में रखकर चर्चा होनी चाहिए थी। भारत ने यह नहीं कहा है कि अमेरिका ने मध्यस्थता नहीं की या ट्रम्प का बयान गलत है। उधर, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने मध्यस्थता के लिए ट्रंप का शुक्रिया अदा किया है।

भारत ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि क्या यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प थे जिन्होंने मध्यस्थता करने की पहल की थी, जिससे भारत को संघर्ष विराम स्वीकार करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि सीजफायर के बाद पाकिस्तान में जश्न शुरू हो गए थे। भारत द्वारा युद्धविराम स्वीकार करने की घोषणा से पहले ही, अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्वीट किया कि दोनों देश संघर्ष विराम के लिए सहमत हो गए हैं। मोदी के भाषण से एक घंटे पहले ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और दोनों देशों को चेतावनी दी कि अगर उन्होंने अपने हथियार नहीं छोड़े तो वे कारोबार करना बंद कर देंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि वह कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता के लिए तैयार हैं।

भारत ने कभी नहीं कहा कि अमेरिका को भारत-पाक युद्ध में मध्यस्थता करनी चाहिए। भारत की स्थिति यह है कि कश्मीर मुद्दे में कोई मध्यस्थ नहीं होगा। तो डोनाल्ड ट्रम्प वैश्विक अंपायर की भूमिका में आगे क्यों आ रहे हैं? अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने युद्धविराम की संभावना पर चर्चा करने के लिए भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्री और विदेश सचिव के साथ रात बिताई। यह भी आश्चर्य की बात है कि ऑपरेशन सिंदूर ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से $ 1 बिलियन का ऋण मंजूर कर रहा था। भारत ने समय-समय पर दुनिया के सामने इसका सबूत पेश किया है। तब यह अकल्पनीय लगता है कि भारत पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों की बातों पर विश्वास करते हुए युद्धविराम को स्वीकार कर ले।

ऑपरेशन सिंदूर के चार दिनों के भीतर, भारत और पाकिस्तान ने युद्ध विराम में प्रवेश किया। डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा इसे स्थायी युद्धविराम कहने के बावजूद, नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को अभी के लिए स्थगन कहा है। पाकिस्तान में घुसपैठ करने और पाकिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क को नष्ट करने के दौरान भारत की कार्रवाई पूरी तरह से रुक गई है। क्या ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को जबरदस्त सबक सिखाया? क्या आपको पहलगाम या पुलवामा से आतंकवादी मिले? क्या बदला लेना संतोषजनक था? क्या पाकिस्तान में घुसकर मार डालना हासिल हो गया, चुन चुन के मारेंगे? पाकिस्तान पर भरोसा कर भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को फिलहाल रोक दिया, लेकिन किसके लिए?

# ऑपरेशन सिन्दूर सिर्फ एक शुरूआत है, अंत नहीं!



-सुरेश गांधी

अनुलोमेन बलिनं प्रतिलोमेन दुर्जनम्। आत्मतुल्यबलं शत्रुः विनयेन बलेन वा।। अर्थात चाणक्य भी कहते है, मनुष्य को अपने शत्रु के बारे में पता होना बहुत जरूरी है. क्योंकि शत्रु कमजोर है या बलशाली इसका पता होने पर ही उसके खिलाफ नीति बनाई जा सकती है. अगर दुश्मन आपसे ज्यादा शक्तिशाली है तो उसे हराने के लिए व्यक्ति को उसके अनुकूल आचरण करना चाहिए. वहीं, अगर दुश्मन का स्वभाव दुष्ट है. वो छल करने वाला है तो उसे हराने के लिए उसके विरूद्ध यानी उसके विपरीत आचरण करना चाहिए. वैसे भी ह्लडू ऑर डाईह्ल का नारा भारत के स्वतंत्रता संग्राम की नींव रहा है, या यूं कहे ह्लडू ऑर डाईह्लः का नारा किसी भी संकट की घड़ी में अंतिम विकल्प होता है, जब पीछे हटने की कोई गुंजाइश नहीं बचती। परंतु युद्ध केवल हथियारों से नहीं, बुद्धि और रणनीति से भी लड़े जाते हैं। खासकर तब जब बदलते वैश्विक और कूटनीतिक परिदृश्य का हों, ऐसे केवल बल से नहीं, बल्कि धैर्य, बुद्धिमत्ता और रणनीति से भी विजय हासिल की जाती है। यही कारण है कि लम्बी रेस जीतने के लिए कभी-कभी दो कदम पीछे हटना पड़ता है. केवल ताकत इकट्ठा करने के लिए ही नहीं, बल्कि दुश्मन की हर चाल को समझने और उसके खिलाफ निर्णायक प्रहार करने के लिए भी। लेकिन भारत, जो एक ओर महात्मा गांधी के अहिंसा सिद्धांत का अनुयायी है, वहीं दूसरी ओर चाणक्य की राजनीतिक चतुराई का भी अनुसरण करता है। यही संतुलन उसे एक जिम्मेदार लेकिन दृढ़ राष्ट्र बनाता है।

ह्लऑपरेशन सिन्दूरह्ल एक सीमित लेकिन अत्यधिक प्रभावशाली सैन्य कार्रवाई, जिसका लक्ष्य था पाकिस्तान के आतंकी प्रशिक्षण शिविरों को ध्वस्त करना। भारत की खुफिया एजेंसियों ने यह प्रमाणित किया था कि सीमा पार से लगातार आतंकी गतिविधियां संचालित हो रही थीं, जिनका उद्देश्य भारतीय क्षेत्रों में अस्थिरता फैलाना था। ऑपरेशन के दौरान कम-से-कम 12 आतंकी ठिकाने नष्ट किए गए और 100 से अधिक आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि हुई। यह महज जवाब नहीं था, यह एक निर्णायक चेतावनी थी। यह कहना गलत होगा कि ऑपरेशन के बाद भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में एकतरफा सीजफायर की घोषणा की। कई आलोचकों ने इसे नरमी की निशानी माना, लेकिन यह एक रणनीतिक कदम था, ह्लदो कदम पीछेह्ल हटना, ताकि अगली बार छलांग और लंबी हो। यह चेतावनी साफ थीः ह्लयदि फिर से सीमा पार से आतंक का प्रयास किया गया, तो भारत का जवाब और भी व्यापक, गहरा और निर्णायक होगा।ह्ल इतिहास गवाह हैः भारत सहनशील जरुर है, लेकिन निर्बल नहीं. भारत ने 1999 में कारगिल में, 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 में बालाकोट एयर स्ट्राइक के जरिए यह स्पष्ट किया है कि उसकी सहनशक्ति की एक सीमा है। हर बार जब पाकिस्तान ने भारत की अखंडता को चुनौती दी, उसे मुंहतोड़ जवाब मिला। भारत की रणनीतिक नीति अब रक्षात्मक नहीं, निवारक और निर्णायक है। ह्लपहले हमला न करनाह्व भारत की संस्कृति हो सकती है, लेकिन ह्लप्रभावी प्रतिशोधह्व अब उसका राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषणों में बार-बार दोहराया हैः ह्लशांति की बात उन्हीं के साथ संभव है, जो शांति में विश्वास करते हैं।ह्व ऑपरेशन सिन्दूर इसका एक जीवंत उदाहरण है। यह महज एक जवाबी कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक इच्छाशक्ति और सैन्य क्षमता का प्रदर्शन था। इस ऑपरेशन के तहत पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचाया गया। यह कार्रवाई केवल जवाब भर नहीं थी. यह एक सन्देश था, एक चेतावनी थी।

सीजफायर की घोषणा के बाद कुछ लोगों ने इसे भारत की कमजोरी समझा, लेकिन सच्चाई यह है कि यह एक रणनीतिक विराम था. एक अवसर, जिससे दुश्मन को सोचने का मौका मिले कि अगर अब भी बाज न आए, तो अंजाम और भी भयावह होगा। इतिहास गवाह है कि भारत शांति में विश्वास करता है, पर जब उसकी सीमाओं या नागरिकों की सुरक्षा को चुनौती दी जाती है, तो वह हर हद पार कर जवाब देने में संकोच नहीं करता। पाकिस्तान को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई हैः अगर फिर से आतंकी हमलों की हिमाकत की गई, तो अगली कार्रवाई ह्यअंतिमह्ल नहीं होगी, बल्कि दुश्मन की जड़ों तक पहुंचेगी। भारत अब केवल सहन नहीं करेगा, बल्कि हर हमले का जवाब इतनी ताकत से देगा कि दुश्मन को दोबारा सोचने का अवसर ही न मिले। पीएम मोदी की दहाड है ; दुबारा आतंकी हमले की कोशिश की तो होगी दुश्मन की तबाही, मतलब साफ है ह्लअब भारत चुप नहीं बैठेगा। अब भारत मारेगा, वो भी घर में घुसकर।ह्ल ये केवल शब्द नहीं, बल्कि 21वीं सदी के भारत की रणनीतिक चेतावनी है उन सभी ताकतों के लिए जो इसकी संप्रभुता को चुनौती देने का दुस्साहस करते हैं। हाल ही में पाकिस्तान द्वारा की गई नापाक हरकत एक बार फिर दशार्ती है कि वह शांति की भाषा नहीं, बल्कि षड्यंत्र और हिंसा की नीति पर चलता है। लेकिन इस बार कहानी बदली है, क्योंकि भारत अब पहले जैसा भारत नहीं रहा। यह नया भारत है अब निर्णायक, साहसी और निर्भीक है। और इस परिवर्तन का केंद्रबिंदु है भारत का नया नेतृत्व। जब पाकिस्तान ने एक बार फिर सीमा पर अशांति फैलाने की कोशिश की, तब भारत ने तत्काल और तीव्र प्रतिक्रिया दी। ह्लऑपरेशन सिंदूरह्ल केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह भारत के आत्मसम्मान, शौर्य और रणनीतिक कौशल का जीवंत उदाहरण था। इस ऑपरेशन में भारत अंत शुरू होता हैह्ल. ह्लनापाक मंसूबों का काल हैः नया भारतह्ल. ह्लभारत निर्भय, भारत विजयः आ गया है न्यू नॉर्मलह्ल. ह्लसीमा पर नहीं, अब निर्णायक युद्ध सोच और नीति का है भारतह्ल. ह्ललक्ष्मण रेखा पार की? अब परिणाम भुगतो !ह्ल वाला भारत है. विदेश मंत्रालय (एमइए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी साफ किया है कि ह्लआप निश्चित रूप से इस बात की सराहना करेंगे कि 10 मई की सुबह, हमने पाकिस्तान वायु सेना के प्रमुख ठिकानों पर बेहद प्रभावी हमला किया था. यही कारण था कि वे गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए तैयार थे. मैं स्पष्ट कर दूं- यह भारतीय हथियारों की ताकत थी जिसने पाकिस्तान को अपनी गोलीबारी रोकने के लिए मजबूर किया. जहां तक ??अन्य देशों के साथ बातचीत का सवाल है, भारत का संदेश स्पष्ट और सुसंगत था और जो संदेश हम सार्वजनिक मंचों से दे रहे थे, वही संदेश निजी बातचीत में भी दिया गया.ह्ल ह्लयह संदेश था कि भारत 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले का जवाब आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाकर देगा. अगर पाकिस्तानी सशस्त्र बल गोलीबारी करते हैं, तो भारतीय सशस्त्र बल जवाबी गोलीबारी करेंगे. अगर पाकिस्तान रुक जाता है, तो भारत भी रुक जाएगा. यह संदेश ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत के समय पाकिस्तानी पक्ष को दिया गया था, जिस पर पाकिस्तानी पक्ष ने ध्यान नहीं दिया. यह स्वाभाविक है कि हमसे यह बात सुनने वाले कई विदेशी नेताओं ने इसे अपने अपने पाकिस्तानी समकक्षों के साथ साझा किया होगा.

**हमारे जांबाज जवानों पर देश को गर्व है**

हमारे देश की सेना में शामिल देश की नारी शक्ति ने जिस प्रकार से ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है, उसने उन महिलाओं के जख्मों पर शीतल मरहम लगाया है जिन्होंने अपने प्रियजनों को आतंकवादी हमले में खोया है। यह सिर्फ एक शुरूआत है। जांबाजी के ऐसे प्रदर्शनों से निश्चित ही हमारी सेना आतंकवाद को समूल नष्ट कर देगी। पाकिस्तान द्वारा पहलगाम हमला का भारत ने, जो जवाब दिया, वह काबिले तारीफ है जिस तरह से ड्रोन हमले को भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने आसमान मे ही तबाह किया उससे कई देशों को सबक भी मिला और देश के लोगों को इस पर गर्व है। हम सैनिको के साहस और शौर्य को सलाम करते हैं। पूरे देशवासियों को नाज है हमारी सेना पर और उनके परिवार पर, जिन्होंने अपने प्रियजनों को देश की सेवा के लिए भेजा है। हमारे दिलों में उन सभी के लिए अथाह सम्मान है. ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमारी तीनों सेनाओं के तालमेल, सूझ बूझ और सटीक निशाने का कमाल है। हर भारतीय नागरिक को अपने सैनिकों पर गर्व होकर उनकी हर सांस सैनिकों और उनके परिवार के साथ है।

**पाकिस्तान को बदलना होगा रवैया**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीजफायर का फैसला एक जटिल मुद्दा है, जिसके सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलू हैं। तात्कालिक रूप से यह तनाव कम करने और मानवीय राहत पहुंचाने में मददगार हो सकता है, लेकिन दीर्घकालिक शांति और स्थिरता इस बात पर निर्भर करेगी कि दोनों देश आतंकवाद के मुद्दे को हल करने और आपसी विश्वास को बढ़ाने के लिए किस तरह से आगे बढ़ते हैं। सीजफायर के फैसले की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि भविष्य में पाकिस्तान का आतंकवाद के विरुद्ध कैसा रवैया रहता है। अगर भविष्य में भी इसी तरह संघर्ष होता रहा तो एक बार पुनः युद्ध की स्थिति की आशंका बनी रहेगी। युद्धविराम का निर्णय देशहित को सोचते हुए ही लिया होगा। यदि दो-तीन दिन अगर युद्धविराम न हुआ होता तो पाकिस्तान वैसे भी घुटने टेकने वाला था। पाकिस्तान ने, जो भारत पर हमले के लिए मेड इन चाइना और तुर्की के ड्रोन और मिसाइल भेजे। उनमें से आधे तो फुस्स हो गए और आधे मार गिराए गए। भारतीय सेना ने न केवल पाकिस्तान, बल्कि तुर्की और चीन का भी घंमड तोड़ दिया, जिनके दिए हथियारों के बल पर पाकिस्तान उछल रहा था। मगर वह भी कबाड़ साबित हुई। दूसरी ओर भारतीय मिसाइलों ने पाकिस्तान के लगभग सभी एयरबेस को निशाना बनाकर अपना लोहा मनवा लिया।

**जंग टलती रहे तो बेहतर है**

भारत-पाकिस्तान के युद्ध के बीच सीजफायर सुकून का कार्य है। सीमावर्ती जिलों में युद्ध के दौरान मिसाइल एवं ड्रोन अटैक से आमजन की सांसें थम गई थी। क्योंकि युद्ध कभी सुखद समाचार लेकर नहीं आता है जितना हो सके युद्ध को टालना चाहिए। सीजफायर की सूचना जैसे गर्मी में बारिश की बूंदों की तरह सुकून का काम किया। पहलगाम हमले के जवाबी कार्रवाई के रूप में भारत द्वारा जवाब देना उचित और सराहनीय कदम ही कहा जा सकता है। युद्ध कोई अच्छी बात नहीं है इससे दोनों देशों का नुकसान ही होना था। परंतु भारतीयों को पीओके न हासिल कर पाना हमेशा मलाल ही रहेगा. वैसे भी ह्लयुद्ध विरामह्ल सुनते ही हमारे मन में एक राहत की भावना जन्म लेती है. जैसे अब रक्तपात थम जाएगा, बंदूकें शांत हो जाएँगी, और सैनिक घर लौटेंगे। लेकिन यह केवल एक पक्ष है। युद्ध विराम के पीछे जो राजनीतिक चालें, मानसिक संग्राम, और भावनात्मक उथल-पुथल छुपी होती है, वह अक्सर अनकही रह जाती है। ह्लऑपरेशन सिंदूरह्ल का सीजफायर इसी पृष्ठभूमि का एक हिस्सा हैं. जहाँ युद्ध केवल सीमा पर नहीं, आत्मा और चेतना के भीतर भी लड़ा जाता है। ह्लऑपरेशन सिंदूरह्ल एक काल्पनिक या प्रतीकात्मक नाम है, जो उस संघर्ष को दशार्ता है जो किसी सैनिक की पत्नी, माँ, या बहन हर रोज झेलती है। सिंदूर यहाँ केवल सौभाग्य का नहीं, बल्कि बलिदान, प्रतीक्षा और हौसले का प्रतीक है। जब सैनिक युद्ध में जाते हैं, तब उनके पीछे छूट जाते हैं ऐसे रिश्ते जो हर दिन एक अनदेखे संग्राम में उलझे रहते हैं। ह्लऑपरेशन सिंदूरह्ल और ह्लयुद्ध विरामह्ल जैसे शब्द हमें याद दिलाते हैं कि शांति कोई तात्कालिक स्थिति नहीं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया है। जब तक सैनिकों के मन में अशांति है, जब तक शहीदों की विधवाओं के सवाल अनुत्तरित हैं, तब तक कोई भी युद्धविराम पूर्ण नहीं।

**डू ऑर डाई अंतिम विकल्प होता है, लेकिन लम्बी रेस जीतने के लिए कभी-कभी दो कदम पीछे हटना पड़ता है। ऑपरेशन सिन्दूर कोई अंत नहीं, बल्कि एक सख्त सन्देश है. पाकिस्तान में भारी तबाही के बाद स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि दोबारा आतंकी हमलों की हिमाकत की गई, तो अगली बार परिणाम और भी भयावह होंगे। जी हां ऑपरेशन-सिन्दूर भारत की सहनशीलता नहीं, उसकी शक्ति का प्रतीक है। सीजफायर शांति की पहल है, कायरता नहीं। अगर फिर आतंकी हमले की हिमाकत की गई, तो जवाब पहले से कई गुना ज्यादा विनाशकारी होगा। इसे पीएम मोदी ने भी स्पष्ट किया है. मतलब साफ है ऑपरेशन सिन्दूर: रणनीति, संयम और संकल्प का प्रतीक है। शांति की चेतावनी है... अगली बार सन्नाटा होगा! सिन्दूर से शुरू हुआ संदेश, अब आग बनकर गिरेगा! सीजफायर नहीं, ये साइलेंट अलार्म है! भारत चुप है... लेकिन हथियार बोलेगा! अगर फिर बढ़े कदम आतंक की ओर, तबाही की लकीर खींची जाएगी! ऑपरेशन सिन्दूर: अबकी बार माफ नहीं! पीछे हटना हमारी रणनीति है, हार नहीं! नई दिल्ली से आखिरी चेतावनी: अगला प्रहार निर्णायक होगा! कहा जा सकता है ऑपरेशन सिन्दूर कोई अंत नहीं हैं. यह केवल शुरूआत है एक ऐसे युग की, जहां भारत संयम को कमजोरी नहीं, बल्कि ताकत के रूप में प्रस्तुत करता है। अगर पाकिस्तान या कोई अन्य दुश्मन यह सोचता है कि भारत शांति की तलाश में है, तो वह सही है, परन्तु भारत अब उस शांति की कीमत अपने बलिदान से नहीं, दुश्मन के विनाश से वसूलने के लिए तैयार है**

ने लक्ष्मण रेखा को स्पष्ट कर दिया, अब अगर कोई पार करेगा, तो उसका परिणाम केवल विनाश होगा। कहा जा सकता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सुरक्षा नीति ने एक क्रांतिकारी मोड़ लिया है। अब निर्णय लंबे विचार-विमर्श में नहीं उलझते, अब जवाब समय पर और सटीक होता है। मोदी की नीति स्पष्ट हैः ह्लशांति की आकांक्षा होनी चाहिए, लेकिन कमजोरी नहीं।ह्ल यह नीति अब भारत की सामरिक पहचान बन चुकी है।

दुनिया ने देखा है कि भारत अब संयम की आड़ में पीछे हटने वाला नहीं रहा। पुलवामा हो या बालाकोट, सर्जिकल स्ट्राइक हो या गलवान, भारत ने हर बार यह साबित किया है कि वह सहनशील जरूर है, लेकिन अब मौन नहीं रहेगा। नया भारत न केवल जवाब देगा, बल्कि ऐसा जवाब देगा कि दुश्मन सदियों तक याद रखेगा। आज भारत एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां उसका आत्मविश्वास चरम पर है। सेना सशक्त है, नेतृत्व स्पष्ट है और जनता जागरूक। भारत अब ना तो किसी से डरता है, ना किसी के दबाव में आता है। यह भारत विजय का युग है। यह भारत निर्भय का युग है। ह्लघर में घुस कर मारेगाह्ल अब केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत की नई सामरिक संस्कृति का हिस्सा बन चुका है। यह संदेश केवल दुश्मनों के लिए नहीं, बल्कि हर भारतीय के लिए है कि वह गर्व से कह सकेः ह्लमेरा भारत बदल रहा है, आगे बढ़ रहा है और अब कोई उसे झुका नहीं सकता !ह्ल ह्लनया भारतः शांति चाहता है, पर जवाब देना जानता हैह्ल. ह्लघर में घुसकर मारेगाः भारत की नई रणनीति हैह्ल. ह्लमोदी की लकीरः जहां से दुश्मन का

## घाटकोपर पश्चिम के हिंदी हाई स्कूल का हिंदी माध्यम का एस एस सी का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** हिन्दी विद्या प्रचार समिति घाटकोपर द्वारा संचालित हिन्दी हाईस्कूल ( हिन्दी माध्यम ) का मार्च 2025 का एस एस सी का परीक्षा परिणाम 98% रहा । कुल 287 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा 281 विद्यार्थी सफल हुए, जिसमें से 65 विद्यार्थी गुणवत्ता श्रेणी, 88 प्रथम श्रेणी,89 द्वितीय श्रेणी तथा 39 पास क्लास से उत्तीर्ण हुए । हिन्दी माध्यम में वर्मा भावेश भागीरथी 92.40% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा यादव आदित्य कुमार संजय 91.60% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे। इसी तरह श्री इंद्रदेव सिंह हिन्दी हाईस्कूल अंग्रेजी माध्यम का परिणाम शत प्रतिशत रहा । कुल 109 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे और सभी विद्यार्थी सफल रहे। जिसमें से 50 विद्यार्थी गुणवत्ता श्रेणी, 43 प्रथम श्रेणी, 16 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए । माने आदित्य पी 96% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान तथा साहू गायत्री एल 95.20 % अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे । समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र सिंह तथा प्रधानाचार्य राजेन्द्र कुमार सिंह ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया ।

## आदिवासी पारधी समाज की समस्याओं को लेकर शिष्टमंडल ने आदिवासी विकास मंत्री को दिया ज्ञापन

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र में आदिवासी पारधी समाज विकास से कोसों दूर है। आजादी के बाद से अब तक शासन प्रशासन की ओर से इस समाज की ओर से ध्यान न दिए जाने से आज भी इस समाज के लोग रोटी, कपड़ा और मकान के लिए दर दर भटक रहे हैं। जिसके कारण आदिवासी पारधी महासंघ मुंबई नवी मुंबई के अध्यक्ष संतोष एकनाथ पवार एवं कार्यकताओं का एक शिष्टमंडल हाल ही में आदिवासी विकास मंत्री अशोक उईक से मुलाकात की। इस दौरान मुंबई प्रदेश व नवी मुंबई आदिवासी पारधी महासंघ के अध्यक्ष संतोष एकनाथ पवार ने मंत्री अशोक उईक को मुंबई उपनगर , नवी मुंबई और थाने में आदिवासी पारधी समाज के पुनर्वसन के बारे में चर्चा की। इसके अलावा नई मुंबई के एमआईडीसी महापे पारधी वाडी घनसोली की झोपड़पट्टी का पुनर्वास करने के पहले किसी भी तरह की कार्यवाही न किए जाने की मांग की। इसके अलावा यहां मूलभूत सुविधाओं विशेष रूप से शौचालय, पानी और विद्युत को मुहैया कराने के लिए ज्ञापन सौंपा। बता दें कि आदिवासी पारधी समाज आज भी अनेक समस्याओं का सामना कर रहा है। आदिवासी पारधी समाज के बच्चों की शिक्षा एवं रोजगार पर भी मंत्री उईक से चर्चा की गई। इस दौरान मुंबई एवं नई मुंबई की समस्याओं को हल करने का सकारात्मक आश्वासन मंत्री की ओर से शिष्टमंडल को दिया गया है। वहीं संतोष पवार ने इस बात पर जोर दिया कि मुंबई, नवी मुंबई के पारधी पाड़ा के लोगों का पुनर्वसन योग्य स्थान पर किया जाय। उन्होंने बच्चों की शिक्षा के लिए मुंबई में आश्रम शाला उपलब्ध कराने का सवाल भी उठाया। इसके अलावा बालवाड़ी, समाज कल्याण हाल पर भी जोर दिया। शिष्टमंडल की ओर से आदिवासी पारधी समाज के लोगों के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड, वोटिंग कार्ड जन्म प्रमाणपत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र देने के लिए जहां पर आदिवासी पारधी समाज की बस्तियां हैं वहां पर विशेष रूप से शिविर लगाने की मांग मंत्री से की गई। आदिवासी पारधी समाज महासंघ के मुंबई और नवी मुंबई के अध्यक्ष संतोष एकनाथ पवार ने बताया कि आज भी संपूर्ण महाराष्ट्र में साठ हजार से अधिक आदिवासी समाज के लोग घर से वंचित हैं। ऐसे में महाराष्ट्र सरकार को आदिवासी पारधी समाज के विकास पर विशेष जोर देने की आवश्यकता है।

## विवेक विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** विवेक विद्यालय ने माध्यमिक विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा मार्च 2025 में 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विवेक विद्यालय पिछले छह वर्षों से लगातार 100% परिणाम प्राप्त कर रहा है। विद्यालय से प्रथम आने का सम्मान छात्र संग्राम सिंह कांबले को मिला। इस छात्र ने 90% अंक प्राप्त किये। स्कूल में सुश्री. शार्दुल केंगार और श्रीजा जवरथ दोनों ने 80% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस परीक्षा में स्कूल से कुल 33 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 9 विद्यार्थी विशिष्ट के साथ तथा 22 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। विवेक विद्यालय की इस शानदार सफलता पर विभाग के नागरिकों और अभिभावकों की ओर से बधाईयां मिल रही हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य विवेक थोरात ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई दी।

## विप्र फाउंडेशन प्रमुख ब्रह्मदेव चौबे ने दी दसवीं के अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रेरणादायी सलाह



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** विप्र फाउंडेशन बोईसर के प्रमुख ब्रह्मदेव चौबे ने महाराष्ट्र बोर्ड की दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों की घोषणा के पश्चात सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और लगन से यह सफलता प्राप्त की है, जो प्रशंसनीय है। वहीं उन्होंने उन विद्यार्थियों के प्रति भी सहानुभूति जताई है जो इस बार परीक्षा में सफल नहीं हो सके। विप्र फाउंडेशन बोईसर प्रमुख ब्रह्मदेव चौबे ने कहा कि अनुत्तीर्ण बच्चे-बच्चियां हताश न हों। जीवन में एक असफलता का अर्थ यह नहीं कि आगे रास्ता नहीं है। हम विप्र फाउंडेशन की ओर से ऐसे सभी विद्यार्थियों के साथ खड़े हैं और उन्हें सलाह देते हैं कि वे अगली परीक्षा की तैयारी अभी से शुरू करें। उन्होंने यह भी कहा कि आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य दूर नहीं होता। विप्र फाउंडेशन बोईसर प्रमुख ब्रह्मदेव चौबे ने दसवीं कक्षा में उत्तीर्ण तथा अनुत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# स्कूल के 1 किमी दायरे में न हो कोई पान की टपरी, सीसीटीवी लगाएं, महाराष्ट्र सरकार की स्कूलों के लिए नई गाइडलाइन

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने स्कूलों के लिए नए नियम जारी किए हैं। इसके तहत कम से कम एक महीने के डेटा बैकअप के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाना, छात्रों के खिलाफ अपराधों की सूचना पुलिस को देना, अपने कर्मचारियों की जांच करना और स्कूल वाहनों के चालकों का शराब परीक्षण करना अनिवार्य किया गया है। मानसिक दबाव या उत्पीड़न का सामना कर रहे छात्रों को परामर्श प्रदान करना और प्री-प्राइमरी और प्राइमरी के छात्रों को गुड टच और बैड टच (अच्छे और बुरे मकसद से किया गया स्पर्श) के बारे में जागरुक बनाना भी इन दिशा-निर्देशों का हिस्सा है।

ये निर्देश राज्य स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से 13 मई को जारी सरकारी संकल्प (जीआर) में शामिल हैं, जिसका उद्देश्य यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के कार्यान्वयन को मजबूत करना है। इन दिशा-निर्देशों का मकसद पिछले साल अगस्त में ठाणे जिले के बदलापुर में एक स्कूल के शौचालय में दो छात्राओं के यौन उत्पीड़न की पृष्ठभूमि में स्कूलों में सुरक्षा में सुधार करना है। आरोप लगे थे कि स्कूल प्रशासन और



पुलिस ने मामले में समय पर कार्रवाई नहीं की। अगस्त में स्कूल में सफाई कर्मचारी अक्षय शिंदे को यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। एक अन्य मामले में जांच के लिए तलोजा जेल से कल्याण ले जाते समय पुलिस वैन के अंदर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आदेश में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को नाबालिग माना गया है तथा स्कूल अधिकारियों को किसी भी संदिग्ध अपराध की सूचना स्थानीय पुलिस स्टेशन या विशेष किशोर पुलिस इकाई को देने का आदेश दिया गया है। आदेश में सभी स्कूलों को परिसर में कम से कम एक महीने के डेटा बैकअप के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया गया है। आदेश में चेतावनी दी गई है कि इसका पालन न करने पर सरकारी अनुदान रोके जाने और स्कूल का पंजीकरण रद्द किए जाने जैसी कार्रवाई की जा सकती है। स्कूल अधिकारी अपने कर्मचारियों की जांच कर सकते हैं और उनसे पुलिस द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र मांग सकते हैं। आदेश में कहा गया है कि ह्यप्री-प्राइमरीह्ण से लेकर छठी कक्षा तक के लिए मुख्यतः महिला शिक्षकों की नियुक्ति की जानी चाहिए।आदेश में कहा गया है कि जहां स्कूल परिवहन का उपयोग किया जाता है, वहां ड्राइवरों और सहायक कर्मचारियों की औचक तरीके शराब संबंधी जांच की जानी चाहिए। प्रत्येक स्कूल बस में एक महिला कर्मचारी का भी होना आवश्यक है। बाल सुरक्षा और जागरूकता की आवश्यकता पर जोर देते हुए, संकल्प में स्कूलों को महाराष्ट्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा विकसित चिराग ऐप के बारे में छात्रों और शिक्षकों को जागरुक करने का निर्देश देता है।

## एसएससी बोर्ड परीक्षा में अध्ययन अकैडमी के शत प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण




**ठाणे (उत्तर शक्ति)।** महाराष्ट्र बोर्ड कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। ठाणे जिले में वसंत विहार अध्ययन अकैडमी की छात्रा शिवानी यादव 96 प्रतिशत, ऊबीक्षा नाडर 95 प्रतिशत तथा रोशन यादव 94 प्रतिशत प्राप्त किए । अकैडमी के12 छात्रों का परसेंटेज 90 प्रतिशत के ऊपर रहा तथा 35 छात्रों का परसेंटेज 80 प्रतिशत से ऊपर रहा। लगभग 90 प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए एवं अध्ययन अकैडमी का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत घोषित हुआ ।यहां के शिक्षकों एवं अभिभावकों का बड़ा ही योगदान रहा ।ठाणे जिले में सभी ने अध्ययन अकैडमी का नाम रोशन किया है ।संचालक सचिन रतन मिश्रा द्वारा सभी विद्यार्थियों को मिठाइयां बांटी गई ।इस विशेष शुभ अवसर पर सभी विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी एवं प्रसन्नता दिखाई दे रही थी। समाजसेवी रतन मिश्रा ने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं सदैव अग्रसर दिशा में बढ़ते रहें यही अध्ययन अकैडमी का एक लक्ष्य है।

## क्या राजनीति में एंट्री लेंगे रोहित शर्मा, देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात के बाद क्यों हो रही है इसकी चर्चा

**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हाल ही में देवेंद्र फडणवीस से उनके घर पर मुलाकात की, जिसकी तस्वीरें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर शेयर कीं। रोहित, जिनकी कप्तानी में भारत ने 2024 में टी20 विश्व कप और 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती, ने पिछले सप्ताह अपने टेस्ट करियर का अंत किया। 38 वर्षीय रोहित ने पिछले साल ही टी20आई से संन्यास ले लिया था। रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास भारत के इंग्लैंड दौरे से ठीक पहले लिया, जहां वे पांच टेस्ट खेलेंगे।



इस युग के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक के रूप में जाने जाने वाले रोहित ने 68 टेस्ट मैचों में 40.57 की औसत से 4301 टेस्ट रन बनाए और उनके नाम 12 टेस्ट शतक दर्ज हैं। सीएम फडणवीस ने अपनी मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि मेरे आधिकारिक निवास वर्षा में भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा का स्वागत करना, उनसे मिलना और बातचीत करना बहुत अच्छा था। मैं उन्हें टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने और अपनी यात्रा के अगले अध्याय में निरंतर सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं!

इस मुलाकात और उसके बाद जारी की गई तस्वीरों ने इस बात की अटकलों को हवा दे दी है कि रोहित शर्मा राजनीति में कदम रखने पर विचार कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस संभावना को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। हालांकि, ऐसी किसी योजना की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रोहित शर्मा ने 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और उसी मैच में शतक जड़ा था। हालांकि, अगले छह सालों तक भारत के इस सलामी बल्लेबाज को ज्यादा सफलता नहीं मिली और फिर उन्हें ओपनिंग स्लॉट में शामिल कर लिया गया। उसके बाद टेस्ट में उनका करियर काफी आगे बढ़ा।

## पालघर जिला परिषद में मनाई गई छत्रपति संभाजी महाराज की जयंती

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** शौर्य, बुद्धिमत्ता और स्वराज्यनिष्ठा के प्रतीक छत्रपति संभाजी महाराज की जयंती 14 मई 2025 को पालघर जिला परिषद कार्यालय में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे ने छत्रपति संभाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र अभिवादन किया । कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रकाश हसनालकर ने छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और उनके शौर्य, धर्मनिष्ठा तथा बलिदान की प्रेरणादायी गाथा से उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि संभाजी महाराज



केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी शासक भी थे, जिन्होंने अपने जीवन की अंतिम सांस तक स्वराज्य की रक्षा के लिए संघर्ष किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवींद्र शिंदे, प्रकल्प संचालिका डॉ. रूपाली सातपुते, उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी इजाज अहमद शरीख मसलत, मुख्य लेखा व वित्त अधिकारी धनराज पांडे, जिला पशुसंवर्धन अधिकारी डॉ. प्रकाश हसनालकर सहित सभी विभागों के अधिकारी, गटविकास अधिकारी एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता सुमित पाटिल द्वारा दसवीं की परीक्षा में 97.20% से उत्तीर्ण छात्रा अक्षरा नक्का का किया गया सत्कार

**आचार्य सूरजपाल यादव**

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी के पद्मानगर की रहने वाली पद्मशाली तेलुगु समाज की छात्रा अक्षरा अनिलकुमार नक्का एस एस सी बोर्ड परीक्षा में 97.20% अंकों से उत्तीर्ण होने पर पूर्व नगरसेवक व भाजपा नेता सुमित पाटिल ने शालपुष्प देकर अपने कार्यालय पर सत्कार किया । बतादें कि छात्रा अक्षरा नक्का के पिता अनिलकुमार नक्का टेलरिंग का कार्य करके बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हैं । छात्रा स्कालर स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रही है और भिवंडी के पद्मशाली तेलुगु समाज में प्रथम स्थान व भिवंडी में द्वितीय स्थान



प्राप्त किया है । सुमित पाटिल ने छात्रा का सम्मान करते हुये कहा कि मुझे गर्व है कि हमारे वार्ड की छात्रा है जिसने अपने विद्यालय के साथ अपने माता पिता के साथ भिवंडी वासियों का नाम रोशन किया है । पाटिल ने छात्रा व उनके परिजनों को मिष्ठान्न खिलाकर मुंह मीठा कराते हुये कहा कि भविष्य में कभी भी शिक्षा में किसी भी प्रकार की परेशानी या व्यवधान आने पर कपिल पाटिल फाउंडेशन द्वारा हर तरह से सहयोग किया जायेगा ।

## सी.टी.ई.एस.इंग्लिश मीडियम स्कूल ने रचा इतिहास, कुल परिणाम 97 .45 प्रतिशत रहा

**पालघर (उत्तरशक्ति)।** सी.टी.ई.एस. इंग्लिश मीडियम स्कूल, बोईसर, जिला पालघर के विद्यार्थियों ने एस.एस.सी. परीक्षा 2024-25 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष स्कूल का कुल परिणाम 97.45 प्रतिशत रहा, जो शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों की लगन का उत्कृष्ट उदाहरण है। विद्यालय के टॉपर्स की सूची में पक्षालिका प्रवात दास ने 93.40% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इशांत महेन्द्र विश्वकर्मा ने 92.60% अंकों के साथ दूसरा




स्थान प्राप्त किया। विनायक कुमार मनोज मिश्रा ने 89.80% अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के इस शानदार परिणाम पर चिंचणी-तारापूर एज्युकेशन सोसायटी के पदाधिकारियों, प्रधानाचार्या एवं प्रबंधन समिति ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी है। विद्यालय के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

## कहां पर अटका 'ठाकरे ब्रदर्स' का मिलन?

**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों के माहौल बनने लगा है। शीर्ष अदालत के आदेश के बाद साफ है कि मुंबई में बीएमसी चुनाव भी सरकार को इसी साल कराने पड़ेंगे, लेकिन ऐसे में जब राज्य में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों खेमों (शरद पवार और अजित पवार) के एक साथ आने की चर्चा जोरों पर है तब मनसे और उद्धव ठाकरे गुट के कार्यकर्ता दोनों भाईयों के मिलन की रात ताक रहे हैं। विदेश से लौटने के बाद राज ठाकरे ने पॉडकॉस्ट वाले बयान के आगे कुछ भी नहीं बोला है। मनसे और शिवसेना यूबीटी खेमे में खामोशी के बीच उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने एक नई पिच तैयार की थी। उन्होंने मशाल जलाते हुए कहा था कि जब राज ठाकरे ने एक साथ आने पर बयान दिया था, तब हम लोगों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी थी, लेकिन अब रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए पहल राज ठाकरे को करनी है। ऐसा कह कर राउत ने गेंद मनसे अध्यक्ष के पाले पर डाल दी थी।

सूत्रों के मुताबिक राज ने उद्धव के साथ हाथ मिलाने के लिए पहली चाल तो चल दी है। उद्धव ठाकरे की तरफ से



पॉजिटिव रिस्पांस भी आ गया है, लेकिन दूसरी तरफ राज के महायुति में शामिल बीजेपी और शिवसेना के साथ भी अच्छे संबंध हैं। उद्धव ठाकरे के साथ आने पर राज का क्या रोल होगा। दोनों पार्टियों का विलय होगा या फिर सिर्फ चुनावी गठबंधन होगा और बीएमसी के अलावा कुछ प्रमुख जगहों पर मिलकर चुनाव लड़ेंगे। राजनीति के एक्सपर्ट का कहना है कि इन तमाम मुद्दों को फाइनल किए बिना यह डील आसान नहीं है। एक्सपर्ट साफतौर पर कह रहे हैं कि अगर उद्धव ठाकरे को मुंबई का गढ़ बचाना है तो उन्हें कुछ हटकर करना होगा।

संजय राउत के बयान पर राज ठाकरे के कैंप से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इस बीच उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के नेता और मंत्री उदय सामंत की राज ठाकरे से मुलाकात ने फिर सियासी पारा चढ़ा दिया है। वह मंगलवार को राज से मिलने उनके निवास शिवतीर्थ पर पहुंचे थे। सामंत की मुलाकात के बाद कोई बयान सामने नहीं आया है। चर्चा है कि क्या डिप्टी सीएम दोनों भाइयों के मिलन में रोड़ा डाल रहे हैं। मंत्री सामंत ने राज से अपनी मुलाकात को गैर राजनीतिक बताते हुए कहा कि हमारे संबंध राजनीति से परे हैं। सामंत ने कहा था कि आज हमारे बीच कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई है। राज ठाकरे और शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के बीच तल्खी विधानसभा चुनावों में आई थी जब शिंदे ने अमित ठाकरे के सामने से कैंडिडेट नहीं हटाया था।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# आमिना खान ने 87.6 एवं आदर्श विश्वकर्मा ने 92.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में बने टॉपर

## ईडेन पब्लिक स्कूल ने सीबीएससी परीक्षा में किया बेहतरीन प्रदर्शन

-विशाल सोनी




शाहगंज, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। मंगलवार को जैसे ही सीबीएससी परीक्षा परिणाम घोषित हुआ वैसे क्षेत्र के इमरानगंज स्थित ईडेन पब्लिक स्कूल में जश्न का माहौल बन गया।ईडेन पब्लिक स्कूल के सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में स्थानीय छात्रा आमिना खान ने 87. 6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय ईडेन पब्लिक स्कूल के साथ साथ अपने माँ बाप और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस शानदार सफलता के साथ ही आमिना खान ने अपने स्कूल में टॉप किया है और क्षेत्र में प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें आमिना खान की इस उपलब्धि की जानकारी मिलते ही विद्यालय, परिवार और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूल प्रशासन और शिक्षकों ने भी उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।वहीं साद अहमद खान 81. 8 प्रतिशत अंक पाकर दित्वीय स्थान प्राप्त किया।साथ ही अहमद इमाद ने 81.4 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दसवीं परीक्षा परिणाम में स्कूल के आदर्श विश्वकर्मा ने 92.4 प्रतिशत अंक लाकर इतिहास रचते हुए दसवीं के स्कूल टॉपर बने।इकरा फातिमा ने 91 प्रतिशत अंक के साथ दित्वीय और आयशा अशफाक ने 88 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहीं। परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत छात्र छात्राओं में भारी जोश और उमंग उत्साह देखने को मिला।विद्यालय के बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए प्रबंधक परवेज आलम भुट्टो ने सभी छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा की विद्यालय परिवार हर मेधावी छात्र छात्रा को हर सम्भव मदद का प्रयास करेगा ताकि आगे भविष्य में कामयाबी की और बुलंदियों को छुएं।विद्यालय के परीक्षा परिणाम पर क्षेत्र के लोगों में काफी हर्ष व्याप्त है।

# समूह से सर्वांगीण विकास होता है : गीता बिंद

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने महिलाओं की समस्या से हुई रूबरू




खेतासराय, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। खेतासराय राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता बिंद बुधवार को सोंधी ब्लाक सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर समूह की महिलाओं से संवाद किया। महिलाओं की समस्यायों को सुनने के बाद उन्होंने निस्तारण का भरोसा दिलाया। उन्होंने समूह की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने पर बल दिया। कहा कि समूह से महिलाओं का सर्वांगीण विकास होता है। महिला उत्पीड़न और घरेलू हिंसा से संबंधित मामलों में जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए। जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पाण्डेय ने एक सर्वे के मुताबिक जानकारी दी कि बालिकाओं से अधिक बालक यौन शोषण के शिकार होते हैं। बच्चों को गुड टच, बैड टच के बारे जागरूक करना चाहिए। डिप्टी सीएमओ राजू यादव ने आयुष्मान कार्ड और स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को साझा किया। महिला थानाध्यक्ष श्यामा तिवारी ने सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। संचालन बीडीओ पीयूष त्रिपाठी ने किया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह ने महिला आयोग की सदस्य गीता बिंद को बुके भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर सीडीपीओ सुरेश यादव, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. सूर्यप्रकाश यादव, बाल संरक्षण अधिकारी चंदन राय, एडीओ पंचायत संजय यादव, अवधेश तिवारी, राकेश कुमार, संदीप द्विवेदी, प्रिंकेश कुमार, सचिव मो0,शाहीद,विनिद कुमार ,अजय यादव,भोले यादव,बीपीएम सुजीत मौर्या,आदि मौजूद रहे।

# निरंकारी श्रद्धालुओं द्वारा समर्पण दिवस पर बाबा हरदेव सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित



जौनपुर(उत्तरशक्ति)। संत निरंकारी मिशन द्वारा समर्पण दिवस के अवसर पर युगद्दष्टा बाबा हरदेव सिंह महाराज की पुण्य स्मृति में जनपद के 43 शाखाओं पर सत्संग का आयोजन किया गया।

सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के पावन संदेशों को बताते हुए स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने बताया कि सतगुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज का जीवन हर क्षण प्रेम, त्याग, सेवा और शिक्षाओं से परिपूर्ण था। ऐसा ही भक्ति समर्पण वाला जीवन हम सभी का हो यह समर्पण केवल शब्दों तक सीमित न रहे। बल्कि जीवन के व्यवहार में उतरे। सतगुरु माता ने स्पष्ट किया कि सच्चा आदर और प्रेम केवल वाणी से नहीं, बल्कि कर्मों से प्रकट होता है। यदि हम बाबा की शिक्षाओं को केवल सोशल मीडिया तक सीमित रखते हैं। तो वह सच्चा समर्पण नहीं। समर्पण का वास्तविक रूप तभी प्रकट होता है जब हम अपने भीतर झांकें और आत्म-विश्लेषण करें क्या हम वास्तव में विनम्रता, क्षमा और प्रेम जैसे गुणों को कर रहे हैं। उन्होंने अपने जीवन के हर पहलू पर साध संगत को महत्ता दी।

# मुनज्जा हसन ने 84% एवं अब्दुर्रहमान 96.6 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में बने टॉपर




शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जनपद के शिक्षा जगत में एक बार फिर खुशखबरी की लहर दौड़ गई है। क्षेत्र के उसरहटा स्थित कूबा इंटरनेशनल स्कूल के सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में स्थानीय छात्रा मुनज्जा हसन ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय कूबा इंटरनेशनल स्कूल के साथ साथ अपने माँ बाप और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।इस शानदार सफलता के साथ ही मुनज्जा ने अपने स्कूल में टॉप किया है और क्षेत्र में प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं।मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें मुनज्जा की इस उपलब्धि की जानकारी मिलते ही विद्यालय, परिवार और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूल प्रशासन और शिक्षकों ने भी उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।वहीं मैसम सिद्दीकी ने 76 प्रतिशत अंक पाकर दित्वीय स्थान प्राप्त किया।साथ ही युमना आजम ने 75.8 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दसवीं परीक्षा परिणाम में स्कूल के प्रबंधक अबरार अहमद के पुत्र अब्दुर्रहमान ने 96.6 प्रतिशत अंक लाकर इतिहास रचते हुए दसवीं के स्कूल टॉपर बने।रूमा खान ने 94 प्रतिशत अंक के साथ दित्वीय और सदफ जोया ने 93.2 अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहीं।

परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत छात्र छात्राओं में भारी जोश और उमंग उत्साह देखने को मिला।विद्यालय के बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए प्रबंधक अबरार अहमद ने सभी छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा की विद्यालय परिवार हर मेधावी छात्र छात्रा को हर सम्भव मदद का प्रयास करेगा ताकि आगे भविष्य में कामयाबी की और बुलंदियों को छुएं।बताते चले 12 वी कक्षा में उरूज फातिमा और मैसम सिद्दीकी ने उर्दू विषय मे प्राप्तांक 100 में 100 अंक लाकर इतिहास रच दिया।वहीं दसवी कक्षा में भी जैनब ने उर्दू विषय मे प्राप्त 100 में 100 अंक लाकर विद्यालय की परंपरा को आगे बढ़ाया। विद्यालय के परीक्षा परिणाम पर क्षेत्र के लोगों में काफी हर्ष व्याप्त है।

# विलंब शुल्क वापस लो, वरना होगा उग्र आंदोलन: दिनेश तिवारी



जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय एक बार फिर प्रबंधकों के आक्रोश के घेरे में है। स्ववित्तपोषित प्रबंधक महासंघ ने बीएड परीक्षा फॉर्म में 500 विलंब शुल्क लगाए जाने और सीमित तिथि को लेकर परीक्षा नियंत्रक को दो टूक चेतावनी दी है यदि छात्रों से अवैध वसूली नहीं रोकी गई तो आंदोलन के लिए तैयार रहें। प्रबंधक महासंघ के अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में प्रबंधकों के प्रतिनिधिमंडल ने परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि बीएड सत्र 2024-25 का फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए और ?500 का विलंब शुल्क तत्काल प्रभाव से हटाया जाए।डॉ. तिवारी ने तीखे शब्दों में कहा, ??विश्वविद्यालय प्रशासन मनमाने तरीके से छात्रों और कॉलेजों से वसूली कर रहा है। कुछ ही दिनों के लिए पोर्टल खोलकर फिर भारी-भरकम विलंब शुल्क थोपना शिक्षा व्यवस्था के साथ अन्याय है।?? उन्होंने चेताया कि यदि मांगे नहीं मानी गईं, तो प्रबंधक महासंघ आंदोलन करेगा और जरूरत पड़ी तो परीक्षा का बहिष्कार भी किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि इस मुद्दे पर विचार-विमर्श कर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। प्रबंधकों ने साफ कर दिया है कि अब चुप नहीं बैठेंगे – छात्रों के हितों के लिए हरसंभव संघर्ष किया जाएगा।इस मौके पर अशोक दुबे, संजय यादव, प्रबुद्धनाथ सिंह, एस.के. मौर्य सहित कई कॉलेजों के प्रबंधक उपस्थित रहे और एक स्वर में चेताया कि यदि विश्वविद्यालय ने तानाशाही रवैया नहीं छोड़ा तो आंदोलन की चिंगारी ज्वाला बन सकती है।

# सेंट जोसेफ स्कूल की 10 वीं की छात्रा काशिका चौरसिया ने 93 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में किया टॉप



जौनपुर(उत्तरशक्ति)। सेंट जोसेफ स्कूल की 10वीं की छात्रा काशिका चौरसिया ने 93 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में टॉप किया है। मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट घोषित हुआ।बता दें कि काशिका के पिता संजीव चौरसिया पत्रकार हैं और माता माया चौरसिया शिक्षिका हैं। काशिका डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहती हैं। सेंट जोसेफ स्कूल में 10वीं का कुल परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सुनीता अस्थाना ने सभी को शुभकामनाएँ दी व चेयरमैन डॉ. नोमान खान ने विद्यार्थीयों के उज्जवल भविष्य की कामना की।इस मौके पर विद्यालय के सभी सीनियर शिक्षक मोहम्मद अदीब कमाल, मोहम्मद मुजमिल, शोएब कलाम, नरजिस फातिमा, राम बचन यादव, मोहम्मद सलीम, आमिर हुसैन, माया चौरसिया, मोहम्मद रिजवान खान आदि ने छात्रा को बधाई दी।

# लाइन बाजार पुलिस ने एक पिस्टल के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे।अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में प्र0नि0 सतीश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 सुरेश कुमार सिंह मय हमराह मु0आ0 श्याम जी भारती मय प्रथम मोबाइल पर डयुटी में लगे उपनिरी0 जितेन्द्र गुप्ता मय हमराह मु0आ0 सुखराज व चालक मु0आ0 अनिल कुमार सिंह द्वारा चेकिंग के दौरान पानी टंकी के पास से दिनांक 14.05.2025 को समय करीब 03.10 बजे आरोपी विकास यादव पुत्र स्व0 जोखु यादव निवासी तिवारी कुद्दूपुर थाना लाइन बाजार जौनपुर उम्र 28 वर्ष को एक पिस्टल 0.32 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 190/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# वाराणसी में एक अस्पताल के कर्मचारी का गंदा काम

वाराणसी (उत्तरशक्ति)।वाराणसी के भिखारीपुर एपेक्स हॉस्पिटल में मंगलवार को एक महिला की मौत के बाद उनका शव लाश घर में रखने के दौरान एक कर्मचारी ने सोने के तीन कड़े चुरा लिए। परिजनों की शिकायत पर सीसी कैमरों की फुटेज खंगाल कर चितईपुर थाने की पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर तीनों कड़े बरामद कर लिए। आरोपी की पहचान भदोही के गोपीगंज थाने के घनश्यामपुर गांव निवासी राहुल पाल के रूप में हुई है। वह वाराणसी के कंचनपुर में रहता है। मिजार्पुर के अहरौरा के चौक बाजार की रहने वाली बीना केशरी की बेटी नैंसी की सगाई बीते दो मई को मंडुवाडीह स्थित वृंदावन पैलेस से थी। कार्यक्रम के दौरान रात में बीना केशरी की तबीयत खराब हो गई। उन्हें भिखारीपुर स्थित एपेक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।बीना केशरी के दामाद विमल केशरी ने पुलिस को बताया- मंगलवार दोपहर इलाज के दौरान उनकी सास की मौत हो गई। शव को हॉस्पिटल के ही मॉच्युर्री में रखते समय बीना के सोने के तीन कंगन गायब हो गए। विमल की शिकायत पर शाम को चितईपुर थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने हॉस्पिटल के उउळश खंगाले तो कर्मचारी राहुल पाल की करतूत उजागर हो गई। आरोपी राहुल को सुंदरपुर चौकी प्रभारी रवि पांडेय ने उसके रूम से देर रात गिरफ्तार कर लिया। बीना की दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी की शादी रोहनियां के विमल के साथ हुई है। छोटी बेटी नैंसी की सगाई थी, अभी शादी की डेट नहीं फिक्स हुई।

# खेत में मिला अज्ञात युवक का शव,क्षेत्र में मचा हड़कम



-धर्मेंद्र कुमार शर्मा

बदलापुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के भलुआही कस्बे में स्थित मछरहट्टे के पास खेत में बुधवार की दोपहर एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने खेत में शव देखा तो तत्काल एंबुलेंस तथा पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा युवक को सीएचसी लाया गया जहां पर चिकित्सक ने देखते ही मृत्यु घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई। वहीं मृतक युवक की उम्र लगभग 20 वर्ष बताई जा रही है समाचार संकलन तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि युवक की पहचान की कोशिश की जा रही है।

# अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हुबदार पटेल संघ विरोधी गतिविधियों के आरोप में हुए निलंबित

## वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव चौधरी बने कार्यवाहक अध्यक्ष



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मछलीशहर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हुबदार पटेल को संघ विरोधी गतिविधियों के आरोप में निलंबित किया गया है।वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है।साधारण सभा की आकस्मिक बैठक में उक्त निर्णय लिया गया है।अधिवक्ता संघ की आकस्मिक बैठक बुद्धवार को अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में हुई ।जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि संघ के अध्यक्ष हुबदार पटेल को संघ विरोधी गतिविधियों के कारण उनके पद से निलंबित किया जाता है।इसके साथ ही यह भी प्रस्ताव पारित हुआ कि आज संघ के शोकसभा के बाद न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय बरकरार रखा जाता है।अधिवक्ताओं का आरोप है कि अध्यक्ष ने शोकसभा पर साधारण सभा की बैठक के बाद लिए गए निर्णय का खंडन किया था और तहसील में उपस्थित होने के बाद भी वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं पदाधिकारियों के अनुरोध के बाद भी साधारण सभा की बैठक में अनुपस्थित रहे।बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चंद्र सिन्हा,केदार नाथ यादव, हरि नायक तिवारी,अशोक श्रीवास्तव ,आर पी सिंह, राम आसरे दूबे, सरजू प्रसाद बिंद, अनुराग सिन्हा, विनय पांडेय, बाबू राम, आलोक विश्वकर्मा, ललित मोहन तिवारी, सतीश कुमार आदि ने विचार व्यक्त किया। संचालन महामंत्री नन्द लाल यादव ने किया।

# पेट्रोल छिड़कर तहसील परिसर में वादकारी ने किया आत्मदाह का प्रयास



-रियाजुल हक

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मछलीशहर तहसील परिसर में तहसीलदार न्यायालय के सामने एक वादकारी ने आज अपने ऊपर पेट्रोल छिड़कर आत्मदाह का प्रयास किया।लेकिन शरीर में आग लगते ही अधिवक्ताओं ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझा दिया। आत्मदाह करने वाले को कोतवाली पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

तहसील क्षेत्र के फिरोजपुर (मधुपुर)निवासी ओम प्रकाश गिरी अपनी पत्नी के साथ तहसीलदार न्यायालय में लंबित दाखिल खारिज के मुकदमें की पैरवी करने आया था कि अचानक अपने ऊपर पेट्रोल छिड़कर आग लगा लिया।उसको जलता देख भारी संख्या में तहसील के अधिवक्ता मौके पर इकट्ठे हो गए और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाए और उसकी जान बचाए।जब इस घटना की जानकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ को मिली तो उन्होंने क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा और प्रभारी निरीक्षक विनीत राय को मौके पर बुला लिया और आत्मदाह करने वाले को सुपुर्द कर दिया।ओम प्रकाश का आरोप है कि उसकी जमीन मधुपुर निवासी समर बहादुर पटेल अपने नाम धोखे से 5 मार्च 25 को रजिस्ट्री करा लिया और जमीन के एवज में दिया चेक भी छीन लिया और आज तक एक पैसा भी नहीं मिला।इसी बीच बैनामे का दाखिल खारिज भी तहसीलदार न्यायालय से करा लिया।आत्मदाह करने वाले ने तहसीलदार न्यायालय में आपत्ति दाखिल किया है और उसी मुकदमें की पैरवी करने अपनी पत्नी के साथ आया था।इसके साथ ही मुख्यमंत्री और उच्च अधिकारियों को भी शिकायती पत्र दे चुका है।

# वाराणसी में सड़कों के चौड़ीकरण की शासन से हो रही निगरानी, सीएम ने मंडलायुक्त से मांगी रिपोर्ट



डॉ.एस.के.मिश्र

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। जनपद की तीन प्रमुख सड़कों कचहरी से संदहा, पांडेयपुर से रिंग रोड और पड़ाव से टेंगरा मोड़ के चौड़ीकरण का कार्य अब अंतिम चरण में है। इन सड़कों के चौड़ीकरण की निगरानी शासनस्तर से की जा रही है।इससे जिले में तीन सड़कों पर सफर और सुगम हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सोमवार को सर्किट हाउस में परियोजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान इसकी रिपोर्ट मांगी थी। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस सड़कों का 90 प्रतिशत तक का कार्य पूरा हो चुका है। शासन से शेष कार्यों के लिए बजट स्वीकृति मिल चुकी है, उन्हें जल्द पूरा करा लिया जाएगा। बनारस की इन तीन सड़कों के लिए प्रदेश सरकार ने 167 करोड़ रुपये का पुनरीक्षित बजट जारी कर दिया है। इससे इन सड़कों का कायाकल्प किया जाएगा। इन सड़कों के चौड़ीकरण में 100 आवासीय मकानों और 80 व्यावसायिक दुकानों पर बुलडोजर की कार्रवाई होगी।

# इलाहाबाद हाई कोर्ट का बड़ा फैसला : दालमंडी में 189 मकान तोड़ने पर रोक

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी में दालमंडी सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे मकानों की यथास्थिति कायम रखने का आदेश दिया है। साथ ही राज्य सरकार और जिला प्रशासन से एक सप्ताह में जवाब मांगा है।यह आदेश जस्टिस एमके गुप्ता और जस्टिस अनीश कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने शाहनवाज खान बनाम यूपी स्टेट केस की सुनवाई करते हुए दिया।दालमंडी गली के चौड़ीकरण के सरकार के प्रस्ताव में कुल 189 मकान जद में आ रहे हैं। जिनमें 1400 से 1500 दुकानें हैं। इस चौड़ीकरण का विरोध कर रहे व्यापारियों को इस रोक से काफी राहत मिलने के आसार हैं। बीती 9 मई को हाईकोर्ट के जज अनीश कुमार और मनोज कुमार गुप्ता ने रिट पिटिशन 12319 शाहनवाज खान बनाम यूपी स्टेट और तीन अन्य मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने इस सुनवाई में कहा- पिटिशन ने अपनी प्रेयर में कोर्ट को बताया है कि सरकार ने बिना मुआवजे और बिना किसी अन्य बात के भय का माहौल बनाया हुआ है कि चौड़ीकरण होगा। इससे हमारे व्यापार पर असर पड़ रहा है। जज अनीश कुमार ने इस दौरान कहा इसी तरह पिटिशन नंबर 12314 सैयद जाकिर हुसैन, मुन्ने और अन्य बनाम स्टेट गवर्नमेंट में भी यही बात कही गई है कि वो भयभीत हैं। ऐसे में अगले आदेश तक तक किसी भी प्रकार का चौड़ीकरण या ध्वस्तीकरण इसमें नहीं किया जाएगा। कोर्ट में दोनों जजों ने एक सप्ताह में राज्य सरकार को अपना जवाब देने के लिए कहा है। इसके बाद ही इस चौड़ीकरण के मामले में अग्रिम फैसला दिया जाएगा। हाईकोर्ट में रिट पिटिशन डालने वाले शाहनवाज ने बताया कि शहरी क्षेत्र में खतौनी का कोई प्रावधान नहीं है। यहां नगर निगम का पीला कार्ड (टैक्स कार्ड) मान्य होता है। पीडब्ल्यूडी ने मापी के बाद यह साफ किया है कि वह जमीनों पर बनी बिल्डिंगों की मालियत का तो मुआवजा देगा, पर जमीन का नहीं। क्योंकि उसकी खतौनी नहीं है। इसके विरोध में हमने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इसके बाद अब 20 मई तक इसी सिलसिले से कोर्ट में सरकार अपना जवाब दाखिल करेगी। सरकार बताएगी कि मुआवजा कितना दिया जाएगा। उसका सर्किल रेट क्या होगा। किस जमीन का मुआवजा मिलेगा और कितना मिलेगा। क्या बिना खतौनी के मुआवजा नहीं मिलेगा।

### मॉडल सड़क बनाने की कवायद

शहर के बीचों बीच स्थित दालमंडी गली जो विश्वनाथ कारीडोर से महज 100 मीटर की दूरी पर है उसे चौड़ाकर मॉडल सड़क बनाने की कवायद सरकार ने शुरू की है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम दिन इस प्रोजेक्ट के लिए सरकार ने 200 करोड़ के ज्यादा के बजट के 2 करोड़ रुपए रिलीज किए थे।

इस कार्य के लिए बजट आवंटित होते ही पीडब्ल्यूडी ने अपना कार्य शुरू किया। 17.5 मीटर के चौड़ीकरण के लिए दालमंडी गली में मौजूद 189 मकानों की चौड़ाई और गहराई की नाप की गई। उन्होंने बताया कि यह नाप मुआवजे के लिए की गई है। जिसके बाद अगला काम शुरू होगा। इधर इस चौड़ीकरण का दालमंडी गली के दुकानदार लगातार विरोध कर रहे हैं।

### 6 मस्जिदें भी टूटेंगी,

इस चौड़ीकरण में दालमंडी में सड़क पर मौजूद 6 मस्जिदें भी टूटेंगी। जिसमें हाफिज खुदा बक्श जायसी उर्फ लंगड़े हाफिज मस्जिद, निसारन मस्जिद, रंगीले शाह मस्जिद, अली रजा मस्जिद, संगमरमर मस्जिद और मस्जिद मिर्जा करीमुल्ला बैग शामिल है। इन मस्जिदों के मुतवल्लियों ने भी दालमंडी के चौड़ीकरण को गलत बताया है।

दालमंडी के चौड़ीकरण प्रोजेक्ट को लेकर ज्ञानवापी के पैरोकार और अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के ज्वाइंट सेक्रेटरी एसएम यासीन भी विरोध जता चुके हैं। यासीन ने कहा था कि दालमंडी के चौड़ीकरण को लेकर अभी तक कोई नक्शा नहीं आया है।

يسرٰی حکیمی دواخانہ Regd.No20230048
युसरा हकीमी दवाखाना
हमारी कोशिश, आपका विश्वास...
उपलब्ध सुविधायें-
- गठिया व जोड़ो के दर्द का इलाज
- बवासीर का इलाज बगैर आपरेशन के
- चर्म रोग व पेट की तमाम बीमारियों का इलाज
- बालों का झड़ना, सफेद दाग मुहासे व छाइयों का इलाज होता है ।
- नि:संतान का अचूक इलाज
- शुगर कन्ट्रोल का इलाज

मंगलवार बंदी बाक़ी दिन का सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक
Mob.: 9198443844, 8960275665
नोट- पुरुषों व महिलाओं के गुप्त रोगों से सम्बन्धित सभी प्रकार के रोगों का ईलाज किया जाता है ।
अब हर जुमा को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक
सफेद दाग के मरीजों को मुफ्त दवा मिलेगी यह सन् 2025 के अन्त तक जारी रहेगा ।
पता- बड़ी मस्जिद, पूर्वी गेट के सामने जौनपुर (उ.प्र.)

## बनारस बार एसोसिएशन के अध्यक्ष की कार पर फायरिंग, मैकेनिक के कंधे पर लगी गोली

वाराणसी(उत्तरशक्ति) ।वाराणसी में मंगलवार की रात एशिया महाद्वीप के अधिवक्ताओं के प्राचीनतम संगठन बनारस बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश तिवारी की कार पर रात 1:30 बजे के बाद फायरिंग की गई ।बदमाशों की फायरिंग में मैकेनिक के दाएं कंधे पर गोली लगी है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई गई है ।शिवपुर थाने की पुलिस हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। अध्यक्ष कार में नहीं थे और उनकी कार खराब होने के कारण गैराज पर जा रही थी। बदमाशों की फायरिंग में मैकेनिक के दाएं कंधे पर गोली लगी है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई गई है। अधिवक्ता सतीश तिवारी ने पुलिस को बताया कि उनका वाहन खराब हो गया था और स्टार्ट ही नहीं हो रहा था। इस पर वह मैकेनिक बुलाकर वाहन उसे दे दिए थे। मैकेनिक और उसके स्टाफ वाहन को ले जा रहे थे। उसी दौरान दूसरे पक्ष ने कहासुनी के बाद फायरिंग की। असलहे से निकली गोली मैकेनिक सोनू सोनकर के कंधे पर लगी। उसे उपचार के लिए बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। सोनू सोनकर की तहरीर पर शिवपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस बदमाशों की धरपकड़ का प्रयास कर रही है।

## इंस्टाग्राम पर की दोस्ती, फिर किशोरी से होटल में दुष्कर्म, आरोपी हिरासत में

जौनपुर(उत्तरशक्ति) नगर कोतवाली क्षेत्र में एक किशोरी के साथ दुष्कर्म की सनसनीखेज घटना सामने आई है ।जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह स्कूल के लिए निकली लगभग 18 वर्षीय किशोरी को इंस्टाग्राम पर बने एक युवक मित्र ने मिलने के लिए बुलाया। पहले दोनों शाही किला घूमने गए, जिसके बाद युवक किशोरी को अपने साथ ओलंदगंज स्थित एक होटल में ले गया ।वहीं, होटल में युवक ने किशोरी के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। घटना के बाद किशोरी की हालत बिगड़ गई और वह अचेत हो गई। लड़की की हालत देखकर घबराए युवक ने उसे जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल प्रशासन ने मामले की जानकारी तत्काल पुलिस चौकी भंडारी को दी, जिसके बाद पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को हिरासत में ले लिया है तथा किशोरी का इलाज जिला महिला अस्पताल में कराया जा रहा है। फिलहाल पीड़िता के परिजनों की ओर से पुलिस को कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है ।इस पूरे घटनाक्रम के बाद इलाके में चचाओं का बाजार गर्म है, हालांकि पुलिस की ओर से अब तक घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जांच में जुट गई है।

## मीरा भायंदर शहर वासियों को मिली बड़ी सौगात



उदयभान गुप्ता

मीरा भायंदर ( उत्तरशक्ति )। मीरा भायंदर में आज मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के शुभ हाथों से मैट्रो ट्रेन का उद्घाटन किया गया, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आज बड़ी खुशी की बात है कि काशीगांव से दहिसर तक मेट्रो का टेक्निकल ट्रायल किया जा रहा है उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार और बीजेपी विधायक नरेंद्र मेहता और परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के उपस्थित में हुआ उद्घाटन और मीरा भायंदर के शहर वासियों ने खुश नजर आए।

## भाजपा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ राजेश पाटिल का किया गया स्वागत



आदेश मिश्र /नवीमुंबई। भाजपा नवी मुंबई नव नियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ राजेश पाटिल का शिवरने नेरुल में विनोद अमरनाथ उपाध्याय प्रदेश सचिव उत्तर भारतीय मोर्चा भाजपा साथ में एडवोकेट उत्कर्ष उपाध्याय, विकाश निकम व अन्य मित्र गण की मौजूदगी में गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया।

## विद्या रमेश प्रजापति को महाराष्ट्र बोर्ड दसवीं में मिला 88.40% अंक



मुंबई (उत्तरशक्ति) अखिल प्रजापति कुम्भकार समाज के संस्थापक-राष्ट्रीय मुख्यमहासचिव व उत्तरशक्ति हिंदी दैनिक के उपसंपादक , म.न.से उप शाखा अध्यक्ष कांदीवली मूम्बई के बड़ी सुपुत्री विद्या प्रजापति ने मुंबई महाराष्ट्र बोर्ड में कक्षा दसवी की परीक्षा में 88.40% अंक प्राप्त करके पूरे परिवार को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर दादा दादी सुशीला विजयनाथ प्रजापति ,माता पिता सुधा रमेश प्रजापति ,भाई जैनेश प्रजापति ,बहन आकांक्षा प्रजापति, चाचा प्रदीप प्रजापति ,शिवकुमार प्रजापति ,संदीप प्रजापति ,राजू प्रजापति ,दिनेश प्रजापति ,प्रहलाद प्रजापति, संतोष प्रजापति ,राजेश प्रजापति ,चंद्रशेखर प्रजापति ,सूरज प्रजापति ,मनोज प्रजापति ,राहुल प्रजापति ,बबलू प्रजापति ,दीपक प्रजापति,सहित कई अन्य गणमान्य लोगों ने विद्या प्रजापति के उज्वल भविष्य की कामना के साथ उन्हें हृदय की गहराइयों से हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## सिनेपोलिस ने भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाई

पटना। पटना के सबसे घनी आबादी वाले और तेजी से बढ़ते इलाकों में से एक में स्थित, नया सिनेमा आज के समझदार दर्शकों की पसंद के हिसाब से विश्व स्तरीय मूवी देखने का अनुभव प्रदान करता है। एक 3डी और दो 2डी स्क्रीन सहित तीन अत्याधुनिक स्क्रीन और 563 लोगों की कुल बैठने की क्षमता के साथ, ग्रेविटी मॉल मल्टीप्लेक्स अपने आरामदेह डिजाइन के लिए सबसे अलग है। उल्लेखनीय रूप से, 54% से अधिक सीटें रिक्लाइनर हैं जो क्षेत्रीय बाजार में एक अद्वितीय विशेषता है, साथ ही कार्यकारी प्रीमियम और मानक बैठने के विकल्प भी हैं। सभी स्क्रीन डॉल्बी 7.1 सराउंड साउंड और उन्नत 2K लेजर प्रोजेक्शन से लैस हैं(

## सिविल्स फोड़ो ने बोरिंग रोड में किया अपने दूसरे ब्रांच का शुभारंभ

पटना । सिविल सर्विसेज की तैयारी कराने वाली अग्रणी संस्थान सिविल्स फोड़ो ने बोरिंग रोड में अपने दूसरे ब्रांच का शुभारंभ किया। जगदम्बा टावर, सहदेव महतो मार्ग स्थित इस ब्रांच का उद्घाटन मुख्य अतिथि रिटायर्ड चीफ पोस्ट मास्टर जनरल ऑफ बिहार अनिल कुमार सिंह, सिविल्स फोड़ो के संस्थापक मनोज कुमार रंजन एवं मुख्य कार्यकारी निदेशक दीपक प्रकाश ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के पश्चात प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रिटायर्ड चीफ पोस्ट मास्टर जनरल ऑफ बिहार अनिल कुमार सिंह ने संस्थान के पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि यह संस्थान अपने बेहतर मार्गदर्शन से बच्चों का भविष्य निखारेगा।

# एका मोबिलिटी ने आंध्र प्रदेश में 750 इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति और तैनाती के लिए एलओए हासिल किया




मुंबई ।एका मोबिलिटी को आंध्र प्रदेश के 11 शहरों में 750 अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति और तैनाती के लिए लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) से सम्मानित किया गया है। एका मोबिलिटी ने इस ऑर्डर को पूरा करने के लिए भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक बस मास मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रदाता ग्रीनसेल मोबिलिटी के साथ हाथ मिलाया है। इस बड़े पैमाने पर तैनाती में राज्य के ग्यारह शहरों में 9-मीटर और 12-मीटर दोनों तरह की पूरी तरह से इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी, जिनमें अमरावती, अनंतपुर, कडप्पा, काकीनाडा, कुरनूल, राजमुंदरी, नेल्लोर, गुंटूर, विजयवाड़ा, विशाखापत्तनम और तिरुपति शामिल हैं।

इस ऑर्डर में 129 नौ-मीटर (9 मीटर) और 621 बारह-मीटर (12 मीटर) पूरी तरह से इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं, जो राज्य के स्थायी सार्वजनिक परिवहन में बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पुरस्कार उएरछ द्वारा मात्रा की पुष्टि का पत्र (छडउद) जारी करने और पिछले सप्ताह घोषित 675 इलेक्ट्रिक बसों के लिए राजस्थान के एलओए के बाद मिला है, जो भारत की ई-मोबिलिटी यात्रा में एक प्रमुख मील का पत्थर है। एका मोबिलि टी और पिनेकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. सुधीर मेहता ने कहा, ृहमें आंध्र प्रदेश सरकार के साथ साझेदारी करने और राज्य के लोगों के लिए हरित, स्मार्ट और कुशल परिवहन समाधान देने के लिए ग्रीनसेल मोबिलिटी के साथ सहयोग करने पर गर्व है। यह साझेदारी पूरे भारत में स्मार्ट, अधिक टिकाऊ शहरों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ।ग्रीनसेल मोबिलिटी के एमडी और सीईओ श्री देवेन्द्र चावला ने कहा, ृहमें आंध्र प्रदेश सरकार के साथ मिलकर राज्य के संधारणीय सार्वजनिक परिवहन में बदलाव का समर्थन करने का सौभाग्य मिला है। यह परियोजना शून्य-उत्सर्जन इलेक्ट्रिक बसों के माध्यम से जन-गतिशीलता को बदलने के हमारे मिशन में एक प्रमुख मील का पत्थर है। साथ मिलकर, हम स्वच्छ शहरों को सक्षम बना रहे हैं, हरित रोजगार पैदा कर रहे हैं, और लाखों लोगों के लिए अधिक संधारणीय भविष्य का निर्माण कर रहे हैं यह ऑर्डर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम से लगभग 150 करोड़ और नागपुर नगर निगम से लगभग ?400 करोड़ के हाल ही में मिले ऑर्डर के बाद एका मोबिलिटी के बड़े पैमाने पर सार्वजनिक परिवहन परियोजनाओं के बढ़ते पोर्टफोलियो में जुड़ गया ।

## एचएमएसआई ने 2025 सीबी650आर और सीबीआर650आर को लॉन्च किया

पटना। भारत में प्रीमियम मोटरसाइक्लिंग के क्षेत्र को नए आयाम देते हुए होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया ने 2025 सीबी650आर और सीबीआर650आर को लॉन्च किया है। ये मिडल-वेट 650सीसी मोटरसाइकिल भारत में होंडा की एडवांस्ड ई-क्लच टेक्नोलॉजी से लैस पहली बाइक हैं। एचएमएसआई ने घोषणा की है कि सभी बिगविंग डीलरशिप पर बुकिंग शुरू हो चुकी है, और मई 2025 के अंतिम सप्ताह से डिलीवरी की योजना है। सीबी650आर की कीमत 9.60 लाख रुपये और सीबीआर650आर की कीमत 10.40 लाख रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) रखी गई है। लॉन्च के अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीइओ, त्सुत्सुमु ओटानी, ने कहा कि ृहोंडा का मिशन हमेशा राइडिंग को नए टेक्नोलॉजी इनोवेशन से और ज्यादा एडवांस, सेफ और एक्साइटिंग बनाना रहा है।

## उद्यान विभाग के स्वर्णिम 50 वर्ष पूर्ण होने के कार्यक्रम आयोजित




जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिला उद्यान अधिकारी डॉ0 सीमा सिंह राणा द्वारा बताया गया कि 14 मई 2025 को प्रथम मण्डलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी वर्ष 2025 का आयोजन गिरजा देवी सांस्कृतिक संकुल चौकाघाट वाराणसी में किया गया। जिसमें वाराणसी, आजमगढ़, विन्धायचल मण्डल के अधिकारी, कर्मचारी व सम्मानित कृषको जनप्रतिनिधियो एवं आगुन्तको द्वारा कार्यक्रम में भारी संख्या में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह द्वारा किया गया। मण्डलीय उन्नयन गोष्ठी के मौके पर विभागीय सेवानिवृत्त कार्मिको एंव बागवानी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीनो मण्डलो में स्थित जनपदो के कृषको व सेवानिवृत्त अधिकारियो, कर्मचारियो को सम्मानित किया गया। जिसमें जनपद जौनपुर के उद्यान विभाग में उत्कृष्ट विभागीय कार्य के लिए सुरेन्द्र नाथ सिंह, सेवानिवृत्त वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक व प्रगतिशील कृषक अनिल कुमार यादव को सम्मानित किया गया। अनिल कुमार यादव द्वारा जनपद में स्वयं के प्रक्षेत्र पर आम के 138 प्रजातियो, अमरूद की विभिन्न प्रजातियो, चीकू, सेब, फालसा लीची, विभिन्न प्रकार के मशाले की बागवानी की जा रही है। जिसमें विभाग द्वारा अनुदानित ड्रिप सिंचाई संयंत्र स्थापित कर सिंचाई की जा रही है।मण्डलीय गोष्ठी में अपर मुख्य सचिव उद्यान बी0एल0मीणा, मण्डलायुक्त वाराणसी, संयुक्त निदेशक शाकभाजी, व तीनो मण्डलो के उपनिदेशक उद्यान एंव समस्त

# पीएनबी ने लॉच किया मासिक रिटेल आउटरीच कार्यक्रम प्रत्येक ग्राहक को सशक्त बनाने हेतु




मुंबई। सार्वजिनक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंकों में से एक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने व्यापक मासिक रिटेल आउटरीच कार्यक्रम की घोषणा की है–यह मई के महीने में 15.05.2025 को आयोजित की जाने वाली एक राष्ट्रव्यापी रणनीतिक पहल है, जिसका उद्देश्य विभिन्न रिटेल ऋण क्षेत्रों के अनुरूप वित्तीय समाधान पेश करने के लिए पूरे भारत के ग्राहकों तक पहुंचना है। पीएनबी रिटेल आउटरीच कार्यक्रम एक ही मंच के अंतर्गत व्यापक ऋण समाधानों को एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता हैं, जो प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों और न्यूनतम निष्पादन अवधि एवं दस्तावेजीकरण आवश्यकताओं के साथ महत्वपूर्ण वित्तीय उत्पादों तक पहुंच प्रदान करेगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनाः ब्याज दरें 6.50% से शुरू होती हैं, जिसका लाभ डिजिटल और ऑफलाइन दोनो तरीकों से उठाया जा सकता है।

यह कार्यक्रम पात्र ग्राहकों को मौके पर परामर्श, तत्काल पात्रता जांच और सैद्धांतिक स्वीकृति की पेशकश प्रदान करता है। ग्राहक हमारे डिजिटल चैनल अर्थात पीएनबी वन ऐप के माध्यम से आवास ऋण, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, वाहन ऋण और शिक्षा ऋण का लाभ उठा सकते हैं।

इस अवसर पर ग्राहको को संबोधित करते हुए, पीएनबी के प्रबंध निदेशक और सीईओ अशोक चंद्र ने कहाः ृहमारा मासिक रिटेल आउटरीच कार्यक्रम पूरी तरह से ग्राहकों को सर्वोपरि रखने से संबंधित है। हमारा उद्देश्य ऐसे वित्तीय समाधान प्रदान करना है जो न केवल वैयक्तिक रूप से प्रत्येक ग्राहक की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करता हो, अपितु आसानी से सुलभ भी हों। हमारे प्रयास लोगों तक पहुंचकर उनकी वित्तीय जरूरतों को पूरा करना है, चाहे वह हमारे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से हो या किसी नजदीकी शाखा में। हम ग्राहकों की वित्तीय पहुँच को सरल सुगम, और सहायक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## फेडएक्स की एसएमई कनेक्ट पहल

मुंबई। दुनिया की सबसे बड़ी एक्सप्रेस ट्रांसपोर्टेशन कंपनी फेडरल एक्सप्रेस कॉर्पोरेशन (फेडएक्स) मुंबई के छोटे और मझोले उद्यमों (एसएमई) को नवाचार के साथ आगे बढ़ने और वैश्विक बाजारों तक पहुँचने में मदद कर रही है। इसके लिए कंपनी ने एसएमई कनेक्ट नामक पहल की है, जो उभरते बिजनेस हब्स में विशेष रूप से तैयार लॉजिस्टिक समाधान, डिजिटल टूल और रणनीतिक जानकारियाँ लेकर पहुँच रही है। फेडएक्स के वाइस प्रेसिडेंट (मार्केटिंग, कस्टमर एक्सपीरियंस और एयर नेटवर्क - एमईआईएसए क्षेत्र) नितिन नवनीत तातीवाला ने कहा, जब एसएमई अपनी महत्वाकांक्षाएं तेजी से बढ़ा रहे हैं, तो हम भी स्मार्ट समाधानों, मजबूत ढांचे और गहरे जुड़ाव के साथ उसी रफ्तार में काम कर रहे हैं। एसएमई कनेक्ट के जरिए हम सिर्फ पार्सल नहीं पहुंचा रहे हैं, बल्कि उद्यमों की आकांक्षाओं को वैश्विक मंच पर उड़ान भरने का अवसर दे रहे हैं। वर्ष 2019 में शुरू हुई एसएमई कनेक्ट पहल अब एक जानकारी साझा करने वाले मंच से आगे बढ़कर एक प्रभावशाली प्लेटफॉर्म बन गई है। वित्तीय वर्ष 25 में, फेडएक्स ने इस कार्यक्रम को और ज्यादा व्यक्तिगत और व्यावसायिक चुनौतियों से जुड़ा बनाने के लिए संपर्क, अनुभव और मंत्रा जैसे नए प्रारूप शुरू किए हैं।






## वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रिश्वतकांड में रंगेहाथ पकड़ा गया



मुंबई (उत्तरशक्ति)।13 मई 2025 को मुंबई में भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो (ACB) द्वारा एक स्टिंग ऑपरेशन के दौरान शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बाबूराव मधुकर देशमुख को 1,00,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार, देशमुख ने एक शैक्षणिक ट्रस्ट के ट्रस्टी से जबरन ट्रस्ट की संपत्ति पर कब्जे से जुड़े एक मामले में सहायता करने के एवज में कुल 3,00,000 रुपये की मांग की थी। बातचीत के बाद यह राशि 2,50,000 रुपये पर तय हुई। देशमुख को पहली किश्त के रूप में 1,00,000 रुपये लेते समय गिरफ्तार किया गया। अउइ की यह कार्रवाई प्रशासनिक तंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। भ्रष्टाचार के खिलाफ इस प्रकार की सतर्कता और कठोर कार्रवाई जनता का विश्वास बहाल करने के लिए आवश्यक है। मामले की आगे की जांच जारी है।

## पानी की पाइपलाइन एवं उससे जुड़े नागरिकों की समस्याओं पर बैठक



विरार। विरार के पश्चिम में स्थित ग्लोबल सिटी क्षेत्र में रहने वाले नागरिक पिछले 15 वर्षों से समय-समय पर नगर निगम को सभी करों का भुगतान करते आ रहे हैं। लेकिन उन्हें पीने का पानी नसीब नहीं है और हर साल करोड़ों रुपये टैंकर के पानी पर खर्च करने पड़ते हैं। उन्हें जीवित रहने के लिए पानी खरीदना पड़ता है। इस स्थिति में नागरिकों ने बड़ी उम्मीद के साथ बदलाव लाया है। नागरिकों को नगर निगम से जल्द से जल्द पेयजल मिले, इसके लिए उन्होंने मौके पर जाकर संयुक्त आयुक्त सुरेन्द्र ठाकरे के साथ बैठक की और निर्देश दिए कि किस प्रकार एक सप्ताह के भीतर जलापूर्ति शुरू की जा सके। इस बार वरिष्ठ नेता हितेन्द्र दादा पाटिल और बोर्ड अध्यक्ष विशाल राउत भी थे। इस अवसर पर रवि पुरोहित, सोनी अरोरा,श्रीमती ममता म्हात्रे, नयन शाह, गुरुजीत अरोड़ा, श्रीमती मीरा रावल, मुकेश पवार, ओकेश वगल सहित समस्त नगरवासी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ चार नए इंटरलॉकिंग मार्ग का भूमिपूजन

जौनपुर। नगर पंचायत बदलापुर में विभिन्न वॉर्डों में नवनिर्मित इंटर लॉकिंग निर्माण कार्य हेतु बुधवार को चेयरमैन सीमा सिंह के प्रतिनिधि वैभव सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ 4 नए इंटर लॉकिंग निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन किया। जहां यह मार्ग बन जाने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। वार्ड नं 12 दाऊदपुर गांव में मंदिर के पास से मिठाई के मकान तक, रामसहाय पाण्डेय के खेत से देवी सहाय के मकान से होते हुए शिवसहाय के मकान तक, तथा पिच रोड से प्रद्युम्न तिवारी के मकान तक वार्ड नं 2 हंकारपुर में दिनेश शर्मा के प्लाट से सुनील कुमार के मकान तक कुल 4 नए इंटर लॉकिंग का निर्माण कार्य होगा। यह मार्ग 14 लाख की लागत से बनेगी। जहां विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विधि-विधान के साथ भूमिपूजन कराया गया। श्री सिंह ने बताया कि नगर पंचायत के देवतुल्य प्रजाजनों के लिए हर प्रकार का विकास पहुंचने के साथ हर वार्ड का भरपूर विकास हो हो रहा है।

# बड़ागांव थाना क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत लोगों ने काटा बवाल



वाराणसी(उत्तरशक्ति) ।जनपद के बाबतपुर मार्ग पर जमालपुर स्थित एलपीजी बॉटलिंग प्लांट के पास सोमवार को सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी। युवक की मौत से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने बाटलिंग प्लांट के आसपास खड़े मालवाहकों में तोड़फोड़ के साथ ही सड़क पर जाम लगा दिया था। मामले को लेकर एक ट्रक के चालक की तहरीर पर बड़ागांव थाने में 60 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है ।बड़ागांव थाना क्षेत्र के जमालपुर स्थित एलपीजी बाटलिंग प्लांट के पास एक ट्रक की चपेट में आने से बाइक से जा रहे दो आकाश सिंह उर्फ मोनू (19) की मौत हो गई थी। आकाश के साथ बाइक पर सवार विपिन सिंह घायल हो गया था। इस घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने घटनास्थल के पास दुकानों को बंद करा कर सड़क पर जाम लगा दिया था। इसके बाद वहां खड़े और आने-जाने वाले मालवाहकों में तोड़फोड़ शुरू कर दिया!

मामले को लेकर जमालपुर गांव निवासी ट्रक चालक चंद्रजीत यादव और प्रयागराज जिले के झूंसी थाना क्षेत्र के नरायनदासपुरा निवासी ट्रक चालक अनिल कुमार ने बड़ागांव थाने की पुलिस से शिकायत की। बताया कि उनके ट्रक में तोड़फोड़ कर गैस सिलिंडर लूटने का प्रयास किया गया। उधर, इस संबंध में बड़ागांव थानाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह ने बताया कि ट्रक चालक चंद्रजीत की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है। सभी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में जुटी पुलिस

# उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती गीता बिन्द द्वारा जिले का दौरा



जौनपुर (उत्तरशक्ति )। उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती गीता बिन्द द्वारा महिला उत्पीड़न के रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक, आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से निरीक्षण/जनसुनवाई की गयी। जिसमें सर्वप्रथम सदस्य द्वारा सेंट पैट्रीक स्कूल सिद्दीकपुर में जाकर बालिकाओ की सुरक्षा विषय पर विद्यालय की बालिकाओ, अध्यापिकाओं एवं प्रधानाचार्य से वार्ता कर जानकारी ली गयी और जागरूक किया गया। सदस्य ने जनसुनवाई कक्ष में जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के साथ महिला सम्बन्धित विषयों पर वार्ता भी की ।सदस्य द्वारा वन स्टाप सेंटर, करंजाकला ब्लाक परिषद का निरीक्षण किया गया और प्रभारी सेंटर मैनेजर को बेहतर साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया गया। सदस्य द्वारा उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पंजीकरण कक्ष में मरीजों से संवाद करते हुए मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। सदस्य के द्वारा ओपीडी कक्ष, पैथोलाजी, पंजीकरण कक्ष, दवाओं की उपलब्धता सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि मरीजों को बाहर की दवा न लिखी जाए, इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज में मरीज के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए उनके बैठने, पेयजल आदि की व्यवस्था सुचारू रूप से प्रदान की जाए। इसके उपरांत सदस्य के द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। कारागार में महिला बंदियों से संवाद स्थापित करते हुए उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने महिला बंदियों से पूछा कि उन्हें किसी भी प्रकार की गंभीर बीमारी की समस्या तो नहीं है। इसके साथ ही कारागार में उपलब्ध कराए जा रहे भोजन, नाश्ता आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। सदस्य के द्वारा निर्देशित किया गया कि बंदियों की नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच की जाए ।विकास खण्ड सोधी के सभागार में महिला जनसुनवाई एवं स्वमं सहायता समूह की महिलाओं एवं महिला ग्राम प्रधानो के साथ संवाद किया गया। जिसमें कुल 04 शिकायते प्राप्त हुई, जिस पर सदस्य द्वारा सम्बन्धित अधिकारियो को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। महिलाओं से संवाद स्थापित करने के क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना उ0प्र0 मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पान्सरशिप योजना, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एवं पति के मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में जानकरी दी गई ।अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 राजीव यादव द्वारा जननी सुरक्षा योजना के बारे में जानकारी दी गयी ।इस दौरान अतिरिक्त उपजिलाधिकारी अर्चना ओझा, सीएमएस मेडिकल कॉलेज डॉ0 जाफरी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय पांडेय, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज रुचिरा सेठी, महिला थानाध्यक्ष श्यामा तिवारी, महिला एंव बाल सम्मान प्रकोष्ठ की प्रभारी इस्पेक्टर अनीता सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी चन्दन राय सहित अन्य उपस्थित रहे।